वर्ष -15 अंक-25 प्रत्येक गुरुवार को प्रकाशित अनूपपुर 22 से 28 जून 2023 मूल्य 2.00 पृष्ठ 8 Epaper-www.fatwasamachar.com

डाक पंजी- SDL-0019/2025 RNI-MPHIN/2008/24599

# फ़तवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार पत्र

आपका विश्वास

**सुविचार**

वक्त तेरा लाख शुक्रिया जो भी सिखा, तुझसे ही सीखा है !



पेज-2



पेज-3



पेज-4

## संक्षिप्त समाचार

### अर्जी लगाने बागेश्वर धाम पहुंचे शस का शव मिला अब तक मिल चुके 4 शव

**छतरपुर नप्र।** मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम से एक और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यह अर्जी लगाने आए एक शख्स का शव बरामद किया गया है। पिछले एक महीने में बागेश्वर धाम से कुल मिलाकर 4 शव बरामद किए जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि देर रात जिस अधेड़ शख्स का शव बरामद किया गया, वह बागेश्वर धाम में दर्शन-पूजन करने के साथ ही बागेश्वर धाम सरकार के दरबार में अर्जी लगाने के लिए आया था। एक माह में 4 शव मिलने से पुलिस भी सकते में है। वहीं, आने वाले श्रद्धालुओं की चिंताएं बढ़नी भी स्वाभाविक है। बताया जा रहा है कि जिस शख्स का शव मिला है वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के सागर जिले का रहने वाला है। चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले 1 महीने में बागेश्वर धाम में चौथा शव बरामद किया गया है।

### आदिपुरुष के मेकर्स ने बदले विवादित डायलॉग्स

**मुंबई एजेंसी।** अब फिल्म आदिपुरुष में आपको भगवान हनुमान के मुंह से जलेगी भी तेरे बाप की... जैसे डायलॉग सुनने को नहीं मिलेंगे। मेकर्स ने फिल्म के वो संवाद बदल दिए हैं, जिन्हें लेकर फिल्म रिलीज के बाद से ही विवाद हो रहे थे। सबसे विवादित डायलॉग कपड़ा तेरे बाप का, तेल तेरे बाप का, आग तेरे बाप की तो जलेगी भी तेरे बाप की की जगह हनुमान अब कहते दिखाई देंगे- कपड़ा तेरी लंका का, तेल तेरी लंका का, आग तेरी लंका की तो जलेगी भी तेरी लंका ही। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार से फिल्म में ये बदलाव कर दिए गए हैं। इनके अलावा कुछ और संवादों को भी बदला गया है। हालांकि भाषा में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है, सिर्फ कुछ शब्द बदले गए हैं। जैसे जहां हनुमान को तू कहकर बोल गया था, वहां तुम कर दिया गया है। लंका लगा देंगे की जगह लंका में आग लगा देंगे कर दिया गया है।

### केरल में मैरिज रजिस्ट्रेशन में धर्म बताना जरूरी नहीं

**तिरुवनंतपुरम एजेंसी।** केरल में अब मैरिज रजिस्ट्रेशन के वक्त रजिस्ट्रार पति-पत्नी से उनके धर्म के बारे में नहीं पूछ सकेगा। कपल से सिर्फ उम्र और शादी के प्रूफ ही मांगे जाएंगे। राज्य सरकार ने इसका सर्कुलर जारी कर दिया है। सरकार को यह सर्कुलर केरल हाईकोर्ट के पिछले साल के एक आदेश के बाद जारी करना पड़ा। कोर्ट ने दो अलग-अलग धर्म से जुड़े एक कपल को मैरिज रजिस्ट्रेशन की परमिशन दी थी। दरअसल, रजिस्ट्रार ने उन्हें धर्म का हवाला देकर रजिस्ट्रेशन करने से मना कर दिया था। जिसके बाद मामला कोर्ट पहुंचा था। पिछले साल अक्टूबर में ललन और आयशा शादी के रजिस्ट्रेशन के लिए कोच्चि नगर निगम ऑफिस पहुंचे। निगम के सचिव स्थानीय रजिस्ट्रार भी हैं।

भारत ने नए विचारों का स्वागत कर विविधता का जश्न मनायाः मोदी

## पीएम मोदी का संदेशः 180 देशों का एक साथ आना अभूतपूर्व उपलधि



**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने हमेशा नए विचारों का स्वागत कर विविधताओं का जश्न मनाया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि भारत ने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परम्पराओं को पोषित किया है और योग के माध्यम से विरोधाभाषों, बाधाओं और प्रतिरोधों को खत्म करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीयों ने हमेशा नए विचारों का स्वागत किया है और उन्हें संरक्षण दिया है तथा देश की समृद्ध विविधता का जश्न मनाया है।

भारत की संस्कृति हो या समाज संरचना, भारत का आध्यात्म हो या उसके आदर्श, भारत का दर्शन हो या दृष्टि, हमने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परम्पराओं को पोषित किया है। हमने नए विचारों का स्वागत किया है, उन्हें संरक्षण दिया है।

### योग का प्रसार भारत के विचार का विस्तार है

योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि योग का प्रसार भारत के विचार का विस्तार है, जो पूरे संसार को एक परिवार के रूप में समाहित करता है। उन्होंने कहा कि योग के विस्तार का अर्थ है- 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना का विस्तार। इसलिए इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी-20 सम्मेलन का विषय भी एक पृथ्वी, एक परिवार एक भविष्य है। योग एक ऐसे स्वस्थ और सामर्थ्यशाली समाज का निर्माण करता है, जिसकी सामूहिक ऊर्जा कई गुना ज्यादा होती है। पिछले कुछ वर्षों में स्वच्छ भारत जैसे संकल्पों से लेकर 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे अभियानों तक, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से लेकर सांस्कृतिक भारत के पुनर्निर्माण तक, देश तथा देश के युवाओं में जो असाधारण गति दिखी है, उसमें इस ऊर्जा का बहुत बड़ा योगदान है।

## ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर खुला दिल्ली जाने वाली ट्रेन अब नहीं होगी लेट



**नई दिल्ली एजेंसी।** ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर खुलने से अब दिल्ली जाने वाली ट्रेन लेट नहीं होंगी। अक्सर उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल से दिल्ली तक ट्रेन से यात्रा करने वालों को यह शिकायत रहती है कि उनका सफर देर से पूरा होता है। लेकिन अब ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर के 27 किलोमीटर हिस्से के खुल जाने से दिल्ली-एनसीआर की ओर जाने वाले पैसेंजर ट्रेनों के लिए रूट काफी क्लियर हो जाएगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इससे ट्रेनों की लेटलतीफी की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अहरौरा और मुगल सराय के बीच शुरू हुए कॉरिडोर से यात्री ट्रेनों को भी काफी फायदा होगा। इधर बिहार और यूपी से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों की समयबद्धता बढ़कर 80-90 फीसदी हो जाएगी, जो अभी 45 फीसदी ही है। गौरतलब है कि ईस्टर्न डीएफसी का नया हिस्सा 15 जून को खोला गया जोकि बिहार और गुजरात के बीच 1,875 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का हिस्सा है।

### योग आज वैश्विक आंदोलन, ग्लोबल स्पिरिट बन गया हैः प्रधानमंत्री का वीडियो संदेश

**योग भारत की गरिमा एवं महिमा को अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति योग जीरो प्रीमियम पर फुल हेल्थ इंश्योरेंस**

## योग आज वैश्विक पर्व बन गयाः उप राष्ट्रपति धनखड़



### योग के माध्यम से दुनिया भर में अच्छा केरियर

उप राष्ट्रपति ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर माँ नर्मदा और रानी दुर्गावती की भूमि में योग कर मैं अभिभूत हूँ। मेरे जीवन के ये सबसे यादगार पल है। योग एक दिन का नहीं है बल्कि हर दिन का है। यह विश्व एकता का प्रतीक है। यह भारत की वसुधैव कुटुंबकम् की संस्कृति और विश्व के कल्याण की सोच का प्रतीक है। योग हजारों साल से हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। भारत में हो रही जी-20 समिट की थीम हमारी संस्कृति पर आधारित है 卐वन अर्थ, वन फ्यूचर एंड वन फैमिली। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत विश्व के सर्वोच्च शिखर पर होगा, विश्व गुरु होगा। इस दशक के अंत तक भारत विश्व की तीसरी बड़ी शक्ति होगा।

### योग से शारीरिक, मानसिक और वैचारिक स्वास्थ्य- पटेल
### आज पूरा विश्व योगमय - मुयमंत्री चौहान

*उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि हमारा योग आज वैश्विक पर्व बन गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज विश्व के हर कोने में यह जीवंत हो रहा है, यह हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है।*

**भोपाल नप्र।** उप राष्ट्रपति ने योग की इस महिमा का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है, जिन्होंने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को अंतराष्ट्रीय मंच पर रखा, जिसका समर्थन विश्व के 193 देशों ने किया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 11 दिसंबर 2014 को यह घोषणा की गई कि हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा और इसी के साथ योग के लिए प्रधानमंत्री मोदी का भागीरथी प्रयास सफल हुआ।

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि आज हम 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी आज अमेरिका में यहाँ के समय के अनुसार शाम 5:30 बजे संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रांगण में सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें दुनिया के 180 देश शामिल होंगे। यह भारत की गरिमा एवं महिमा को अंतराष्ट्रीय स्वीकृति है।

यह सारी दुनिया के लिए भारत के प्रति सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। 9वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज देश का मुख्य कार्यक्रम जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में हुआ। यहाँ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की गरिमामय उपस्थिति में करीब 15 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि योग आज वैश्विक आंदोलन, ग्लोबल स्पिरिट बन गया है। उन्होंने कहा कि आज ऐतिहासिक और अभूतपूर्व अवसर है, जब भारत के आह्वान पर विश्व के 180 से अधिक देश संयुक्त राष्ट्र संघ के योग दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आज समूचे विश्व में योग का कार्यक्रम ओशन रिंग ऑफ योगा किया जा रहा है, जिसमें करोड़ों लोग शामिल हो रहे हैं। पृथ्वी के दो ध्रुव जुड़ रहे हैं, जो पूरे विश्व को एक साथ जोड़े वह योग है। यह हमारी वसुधैव कुटुंबकम अर्थात सारा विश्व एक परिवार की संस्कृति है। योग से स्वास्थ्य, दीर्घायु, बल और सुख की प्राप्ति होती है।

योग की उर्जा से चारों तरफ कल्याण होता है। योग हमें जीव मात्र की एकता का एहसास कराता है। यह प्राणी मात्र के प्रेम का आधार है। योग के जरिए हम अंतर्विरोधों, गतिरोध और प्रतिरोधों को खत्म कर सकते हैं। कर्मों में कुशलता ही योग है। अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण से योगसिद्धि मिलती है, योग के जरिए निष्काम कर्म होते हैं। प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को योग दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

### योग स्वस्थ जीवन की पूंजी है और स्वास्थ्य हमारी पूंजी

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की पूंजी है और स्वास्थ्य हमारी पूंजी। योग जीरो प्रीमियम पर फुल हेल्थ इंश्योरेंस है। हमें अपनी क्षमता को पूर्ण रूप से मानवता की सेवा के लिए लगाने के लिए स्वस्थ रहना आवश्यक है और स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। पहला सुख निरोगी काया है. योग शरीर मन और आत्मा की एकता का प्रतीक है। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि योग किसी एक जाति के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए है। आज अच्छे स्वास्थ्य के साथ यह एक महत्वपूर्ण हुनर भी बन गया है, जिसके माध्यम से दुनिया भर में अच्छा केरियर बनाया जा सकता है। आज सारी दुनिया को अच्छे योग प्रशिक्षकों की आवश्यकता है।

## मर्चुरी में रखे शव के कान कुतर गए चूहे- हमीदिया के कर्मचारियों का जवाब- ऐसा होता रहता है; मंत्री सारंग ने दिए जांच के आदेश

**भोपाल नप्र।** हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी में रखे एक शव को चूहे कुतर गए। जानकारी मंगलवार दोपहर तब लगी, जब परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव को लेने पहुंचे। परिजनों ने स्टाफ से पूछताछ की तो उन्होंने लापरवाह तरीके से कहा- यहां ऐसा तो होता रहता है। गुस्साए परिजनों ने आपत्ति जताई और मर्चुरी पर ही हंगामा किया। परवलिया निवासी 50 वर्षीय बीआर सिंह का सोमवार को निधन हुआ था।

परिजनों ने रात 7 बजे शव मर्चुरी में रखवाया था। मंगलवार सुबह शव डीप फ्रीजर से निकाला गया तो दोनों कानों से खून बह रहा था। सूत्रों की मानें तो यहां 20 डीप फ्रीजर हैं, जिनमें से 12 की खरीदी 2017 में हुई थी। बाकी 2014 के हैं। इनके गेट ठीक से बंद नहीं होते हैं। इस वजह से ऐसी घटनाएं होती हैं। घटना पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने जांच के आदेश दिए हैं।



मेडिकी लीगल संस्थान के प्रभारी डायरेटर डॉ. नीलम श्रीवास्त ने कहा, मर्चुरी में चूहों की भरमार है। हमने चूहे पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए हैं। केक भी रखते हैं, ताकि चूहों को कम किया जा सके। कुछ डीप फ्रीजर में छेद कर दिए हैं। हमारी कोशिश है दोबारा ऐसी घटना नहीं हो।

### मंत्री सारंग बोले, मर्चुरी को मॉड्यूलर बनाया जाएगा

मामले में चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि क्या कुछ कारण है, इसका पता लगाया जाए। हमने पूरी तरह मर्चुरी को मॉड्यूलर बनाने की प्रोसेस शुरू की है। यही नहीं, सभी जिला अस्पतालों और जहां भी मर्चुरी है, वहां मॉड्यूलर बनाने की प्रोसेस शुरू की है।

## भोपाल से जबलपुर की यात्रा सवा 5 घंटे में, किराया ज्यादा होगा, सफर का समय कम

**भोपाल नप्र।** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से जबलपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल संपन्न हो गया है। 260 किलोमीटर की दूरी वंदे मातरम ट्रेन ने मंगलवार को सवा 5 घंटे में पूरी की है। वंदे मातरम ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से जबलपुर के लिए चलेगी। यह ट्रेन भोपाल से चलकर इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर मे रुकते हुए जबलपुर पहुंचेगी। 260 किलोमीटर का सफर 4 घंटे में पूरा हुआ। स्टॉपेज और अन्य कारणों से इसका, टाइम टेबल के अनुसार 5 घंटा 15 मिनट में सफर पूरा होगा। इस ट्रेन का संभावित किराया 750 रूपये और एग्जीक्यूटिव क्लास मे 1150 रूपया निर्धारित किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जून को रानी कमलापति स्टेशन से जबलपुर तथा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से इंदौर जाने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसको लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। रानी कमलापति स्टेशन से इंदौर जाने वाली ट्रेन के स्टॉपेज भोपाल, संत हिरदारामनगर, उज्जैन और इंदौर में स्टॉपेज होगा। इसका किराया भी 700 और एजुकेटिव क्लास का 1000 रुपये होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

वर्ल्डकप के 2 वेन्यू बदलवाने की पाकिस्तान की मांग खारिज

## ऑस्ट्रेलिया से चेन्नई, अफगानिस्तान के साथ बेंगलुरु में खेलना चाहता था पाक

**नई दिल्ली एजेंसी।** पाकिस्तान 2023 वनडे वर्ल्ड कप में अपने दो लीग मैच की जगह बदलवाना चाहता था, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक ICC और BCCI ने उसकी ये मांग खारिज कर दी है। मांग खारिज करने का आधार यह है कि पाकिस्तान ने यह नहीं बताया था कि वह वेन्यू क्यों बदलवाना चाहता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से जिन दो मैचों की जगह बदलने की गुजारिश की थी उनमें संभावित शेड्यूल के मुताबिक 20 अक्टूबर को बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होना था। दूसरा मैच 23 अक्टूबर को अफगानिस्तान के साथ चेन्नई में होना था। पाकिस्तान बेंगलुरु में अफगानिस्तान और चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना चाहता था। BCCI ने ICC को वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ड्राफ्ट सौंप दिया है। हालांकि ICC की तरफ से यह फाइनल नहीं हुआ है। इस ड्राफ्ट के मुताबिक पाकिस्तान और भारत का मैच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है।




### रेप में नाकाम होने पर महिला को ट्रेन से फेंका

**ग्वालियर नप्र।** मुजफ्फरपुर से गुजरात जा रही सूरत एक्सप्रेस ट्रेन (19054) में बदमाशों ने महिला से रेप की कोशिश की। रेप करने में सफल नहीं हुए तो महिला और उसके रिश्तेदार को ट्रेन से फेंक दिया। दोनों ग्वालियर में रेल लाइन किनारे मंगलवार को बेहोश मिले थे। पुलिस ने बुधवार को अस्पताल पहुंचकर बयान लिए, तब घटना का पता चल सका। घटना 19 जून की रात 11.30 बजे की है। ग्वालियर-बिलौआ के बीच बड़ोरी रेलवे लाइन पर महिला को फेंका गया था। दोनों का अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों मूल रूप से झारखंड के रहने वाले हैं। बिलौआ थाना प्रभारी रमेश शाक्य ने बताया, महिला के फोटो खींचने पर बदमाशों से विवाद और मारपीट हुई।

## श्रवण में चलित भस्मार्ती दर्शन व्यवस्था- महाकाल लोक में 10 बड़ी स्क्रीन लगेगी

**उज्जैन नप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण भादौ माह में निकलने वाले सवारी इस दौरान दर्शन के लिए आने वाले लाखों भक्तों के सुगम दर्शन और व्यवस्था को लेकर बुधवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियो की बैठक रखी गई। जिसमे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बताया गया कि इस बार अधिक मास होने के कारण भगवान महाकालेश्वर की 10 सवारियाँ निकाली जायेंगी। आगामी 10 जुलाई को श्रावण मास की प्रथम सवारी निकलेगी। 21 अगस्त सोमवार को नागपंचमी पर्व भी रहेगा तथा सवारी भी निकाली जायेगी और 11 सितम्बर को शाही सवारी निकाली जायेगी। बैठक में जानकारी दी गई कि श्रावण-भादौ मास में भगवान महाकालेश्वर की भस्मार्ती 4 जुलाई 2023 से 11 सितम्बर 2023 तक प्रातः कालीन पट खुलने का समय प्रातः 3 बजे होगा तथा प्रत्येक सोमवार प्रातः 2.30 बजे होगा।

भस्मार्ती के दौरान कार्तिकेय मण्डपम् की अंतिम 3 पंक्तियों से श्रद्धालुओं के लिये चलित भस्मार्ती दर्शन व्यवस्था की जायेगी ताकि अधिक से अधिक लोगों को दर्शन हो सके। बैठक में एडीएम अनुकुल जैन, नगर निगम आयुक्त श्री रोशन कुमार सिंह, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

मध्यप्रदेश में भोपाल समेत 9 जिलों में बारिश, तापमान गिरा

# बिपरजॉय तूफान का असर; प्रदेश के 60 प्रतिशत हिस्से में अगले 4 दिन हैवी रेन का अलर्ट

**भोपाल नप्र।** मध्यप्रदेश के कई शहरों में बुधवार को बिपरजॉय तूफान के असर से मौसम बदला रहा। दोपहर 3 बजे के बाद विदिशा में आधा घंटे तक बारिश हुई। जबलपुर में भी करीब 4 बजे पानी गिरा। विदिशा, दमोह, रायसेन, सिवनी, आगर, शाजापुर, नर्मदापुरम और सागर समेत 9 जिलों में बारिश-पानी का दौर चला। भोपाल में शाम को कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। बादल भी छाए रहे।

बारिश और बादल छाने की वजह से माहौल में ठंडक घुल गई। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में तापमान 40 डिग्री से कम ही रहा। सीधी में तापमान सबसे ज्यादा 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, शिवपुरी सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 28.2 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटे में भोपाल, गुना में 1 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। भोपाल जिले में 1.75, भोपाल शहर में 1.70, गुना में 1.48, ग्वालियर में 0.41, दतिया में 0.35, उमरिया में 0.24, शिवपुरी में 0.23, रायसेन में 0.11, छिंदवाड़ा में 0.01 इंच पानी गिरा। वहीं, प्रदेश के करीब 60त्न हिस्से में अगले 4 दिन भारी बारिश होने का अलर्ट है।

### भोपाल में लगातार बारिश का दौर

राजधानी भोपाल में लगातार बारिश का दौर चलेगा। 21 से 24 जून तक तेज और हल्की बारिश हो सकती है। 22-23 जून को तेज बारिश होने का अनुमान है। इससे पहले मंगलवार को भी भोपाल में तेज बारिश हुई। रात में भी बारिश-आंधी का दौर चलता रहा।



### यहां भारी बारिश का अलर्ट

**22 जूनः** भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, बैतूल, हरदा, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, रीवा, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और पन्ना।

**23 जूनः** नर्मदापुरम, बैतूल, देवास, शाजापुर और आगर-मालवा।

**24 जूनः** उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, गुना और अशोकनगर।

### भारत में कोरोना संक्रमण के मामलों में आई गिरावट

**नई दिल्ली एजेंसी।** दुनिया भर में अभी भी कोरोना से संक्रमित होने का सिलसिला रुका नहीं है, लेकिन उसके मामलों में काफी कमी आई है। भारत में एक दिन में कोरोना संक्रमण के 36 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,49,93,579 हो गई है। यह, मार्च 2020 के बाद एक दिन में सामने आए नए मामलों की सबसे कम संख्या है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,844 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 5,31,897 है। भारत में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,44,59,838 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है।



## संपादकीय

# सियासी सवाल पैदा करते हैं एनसीईआरटी की किताबों से पुराने पाठों को हटाने का विवाद

कर्नाटक सरकार ने राज्य परिषद की पुस्तकों में से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और वीर दामोदर सावरकर आदि से संबंधित पाठ पुस्तकों से निकालने और उसकी जगह नेहरू, सावित्रिबाई फुले, आंबेडकर आदि की रचनाओं को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। आजादी के बाद जब शिक्षा नीति बनी तो उसका उद्देश्य उदारवादी ढंग से ज्ञान परंपराओं को समाहित करके बच्चों में तार्किक, वैज्ञानिक और नवोन्मेषी दृष्टि विकसित करना था। उसी ढंग से पाठ्यपुस्तकें तैयार की गईं। उन पुस्तकों को बनाने के लिए विभिन्न अनुशासनों और चिंतन-पद्धतियों के लोगों को शामिल किया गया। सबसे बड़ी बात कि पाठ्यपुस्तकों को दलीय राजनीति और सरकारी दबाव से बिल्कुल मुक्त रखा गया। मगर पिछले कुछ सालों से जिस तरह विभिन्न राज्यों और केंद्रीय संस्था एनसीईआरटी की किताबों में से पुराने पाठों को पूरा या आंशिक रूप से हटाने या नए पाठ जोड़ने को लेकर लगातार विवाद देखे जाते रहे हैं, उससे भारतीय शिक्षा-व्यवस्था पर स्वाभाविक ही सवाल उठने लगे हैं। पाठ्यपुस्तकों में राजनीतिक आग्रह या दुराग्रह आखिरकार विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को बाधित करते हैं। पिछले दिनों एनसीइआरटी की पुस्तकों में से कुछ पाठ हटाए गए थे। उसे लेकर पूरे देश में खासा विवाद पैदा हुआ था कि आखिर सरकार बच्चों को किस प्रकार की शिक्षा देना चाहती है। अब एनसीइआरटी की राजनीति विज्ञान और समाज विज्ञान की पुस्तकों की सलाहकार समितियों से जुड़े करीब तैंतीस विद्वानों ने पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि उन किताबों की सलाहकार समिति से उनका नाम हटा दिया जाए, क्योंकि जो किताबें उन्होंने तैयार की थीं, उनका स्वरूप अब वही नहीं रह गया है। उधर कर्नाटक सरकार ने राज्य परिषद की पुस्तकों में से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और वीर दामोदर सावरकर आदि से संबंधित पाठ पुस्तकों से निकालने और उसकी जगह नेहरू, सावित्रिबाई फुले, आंबेडकर आदि की रचनाओं को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। हालांकि कांग्रेस ने इसकी घोषणा अपने विधानसभा घोषणापत्र में ही कर दी थी। ऐसी घटनाएं दूसरे राज्यों में भी हो चुकी हैं। यह बिल्कुल हाल की प्रवृत्ति भी नहीं है। पिछले बीस सालों से इस प्रवृत्ति ने अब जैसे जड़ें पकड़ ली है। यह बहुत खतरनाक और चिंताजनक स्थिति है। बच्चों को क्या पढ़ाना है, यह इस बात से तय होता है कि भविष्य में देश को कैसा बनाना है। पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में कई तरह की विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। अब धीरे-धीरे शिक्षा गरीब लोगों के हिस्से से बाहर होती जा रही है। ऐसे में अगर सरकारें पाठ्यपुस्तकों में अपने नेताओं का महिमामंडन करने और विपक्षी दल के महापुरुषों का मानमर्दन करने पर तुल जाएं, तो आखिर हमारे देश की नई पीढ़ी की बुनियाद कैसी होगी, अंदाजा लगाया जा सकता है। जब भी पाठ्यपुस्तकें तैयार की जाती हैं तो उनमें पाठों का चुनाव करते वक्त इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि उससे बच्चे को व्यावहारिक और कार्य जीवन के लिए क्या सीखने को मिल सकता है। उसमें अपने समाज, पर्यावरण, संस्कृति, सभ्यता, मानवीय मूल्यों, राजनीतिक व्यवस्था आदि से जुड़े कितने आयाम वह ग्रहण कर सकता है। उससे उसकी कल्पनाशक्ति का कितना विकास हो सकता है। पुस्तकों का मकसद सिर्फ शिक्षित व्यक्ति नहीं, जिम्मेदार नागरिक तैयार करना होता है। पुस्तकों को सियासी रंग में रंग कर यह मकसद क्या हासिल किया जा सकता है? शिक्षा में दलगत राजनीति का प्रवेश किसी भी रूप में बच्चों के भविष्य के लिए अच्छा नहीं हो सकता। जब सत्ताधारी दल अपना निहित स्वार्थ किताबों में भर देना चाहते हैं, तो वे किताबें सिर्फ बोझ बन जाती हैं, ज्ञान की पोथी नहीं। इसलिए यह अपेक्षा शायद बेमानी नहीं कि राजनीतिक दल और सरकारें बच्चों की किताबों में खुद को न थोपें।

# करवट लेता भारतीय सिनेमा



लेखक
आर.के. सिन्हा

> दरअसल वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों वाली महासभा के 173 सहप्रायोजक देशों की सर्वसम्मति से 2015 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में शुरू हुई यात्रा अब एक ऐसे मुकाम पर है, जहां योग का लोक कल्याणकारी रूप सबने देख लिया है। योग समग्र स्वास्थ्य और वेलनेस की सदियों से परखी गई और आधुनिक शोध अध्ययनों पर खरी उतरी स्वास्थ्य पद्धति के रूप में जाना जा रहा है। नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की यात्रा अब पूरी दुनिया में स्वीकार्यता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नौवें संस्करण में सारी दुनिया की भागीदारी रहने वाली है। इसके लिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के साथ ही अन्य सभी मंत्रालय संयुक्त प्रयास के तहत एक साथ काम कर रहे हैं। योग का महत्व असामान्य परिस्थितियों में शरीर और मन के बीच संतुलन साध कर रखने में भी है।

आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को कुछ ही दिन शेष बचे हैं और नई दिल्ली से न्यूयार्क और पंजाब से लेकर पेरिस तक संसार भर में इस खास दिन को मनाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। स्कूली बच्चे-बच्चियों में तो उत्साह देखते ही बनता है। वैसे, अब तो योग दिवस का सारी दुनिया इंतजार करती है। इसे ह्लवर्ल्ड योगा डेह्वभी कहा जाता है। पहली बार यह 21 जून 2015 को मनाया गया था। इसकी नींव भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग से संबंधित एक प्रभावशाली भाषण के साथ रखी गई थी। उसी के बाद इसे 21 पर जून इसे ह्लवर्ल्ड योगा डेह्व घोषित किया गया था। बहरहाल, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नौवें संस्करण को वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। बहुत साफ है कि भारत की प्राचीन और समृद्ध परपराओं से पोषित योग ने अब वैश्विक स्तर पर समग्र स्वास्थ्य की एक ऐसी पद्धति के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर ली है, जो न सिर्फ तन और मन के संतुलन तक सीमित है; बल्कि , इस पद्धति में आधुनिक जीवनशैली से उपजे तनाव से पार पाने, असाध्य रोगों से बचाव और दुनिया को स्वस्थ और बेहतर जीवन के माध्यम से एकजुट करने की शक्ति भी निहित है।



इसी विशेषता को परिभाषित करती है इस बार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ध्येय वाक्य या थीम ह्लवसुधैव कुटुम्बकम के लिए योगह्व। योग की यही शक्ति है जिसने कोरोना महामारी के दौरान और फिर बाद में भी समग्र स्वास्थ्य की तलाश में त्रस्त दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कोरोना काल से ही दुनिया ने योग करने के लाभ जान लिए। दुनिया को समझ आ गया कि योग करके वे अपने को सदा सेहतमंद रख सकते हैं। दरअसल वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों वाली महासभा के 173 सहप्रायोजक देशों की सर्वसम्मति से 2015 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में शुरू हुई यात्रा अब एक ऐसे मुकाम पर है, जहां योग का लोक कल्याणकारी रूप सबने देख लिया है। योग समग्र स्वास्थ्य और वेलनेस की सदियों से परखी गई और आधुनिक शोध अध्ययनों पर खरी उतरी स्वास्थ्य पद्धति के रूप में जाना जा रहा है। नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की यात्रा अब पूरी दुनिया में स्वीकार्यता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नौवें संस्करण में सारी दुनिया की भागीदारी रहने वाली है। इसके लिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के साथ ही अन्य सभी मंत्रालय संयुक्त प्रयास के तहत एक साथ काम कर रहे हैं। योग का महत्व असामान्य परिस्थितियों में शरीर और मन के बीच संतुलन साध कर रखने में भी है। योग के इसी महत्व को लोगों के बीच पहुंचाने के लिये इस बार ध्रुवीय क्षेत्रों में स्थापित स्टेशनों में भी 21 जून को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया जाएगा। इस प्रयास को आर्कटिक से अंटार्कटिक तक योग का नाम दिया गया है। इसी तरह योग का अभ्यास भारत भारतीय नौसेना बेस, तट रक्षक स्टेशनों के साथ-साथ मित्र देशों के बंदरगाहों और समुद्री जहाजों पर भी योग किया जाएगा।

जरा याद करें कोरोना महामारी के दिनों को। तब दुनिया यह सोचने पर भी विवश हो गई थी सिर्फ रोग के उपचार तक सीमित नहीं रहा जा सकता हैं। इससे आगे जाकर रोग से बचाव करना होगा और स्वयं को इतना सक्षम बनाना होगा कि रोग शरीर को छू तक न सके। आपाधापी और तनाव भरे माहौल में मन की स्थिरता भी उतनी ही जरूरी है जितनी कि सामाजिक और आर्थिक भारत की थाती और शताब्दियों की समृद्ध परंपरा को वहन करने वाले योग में इन समस्याओं से पार पाने की शक्ति है और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के तहत किए गए चार हजार से अधिक शोध इस बात की पुष्टि भी कर रहे हैं। योग अनुसंधान को आधुनिक चिकित्सा पद्धति के बुनियादी विज्ञान और उसके उच्च मानकों से एकीकृत करने की कार्यनीति परियोजना के तहत देश के नए पुराने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग को प्राथमिकता दी जा रही है।

इस कार्यनीति का एक उत्कृष्ट उदाहरण नई दिल्ली स्थित एम्स में स्थापित सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव मेडिसिन ऐंड रिसर्च है। इसके तहत योग से विभिन्न बीमारियों के एकीकृत उपचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए गए हैं। इसी तरह योग को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में शामिल किया जा रहा है। एम्स के ड़ॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र संस्थान के प्रो. तरुण दादा अपने सभी रोगियों को कहते हैं कि वे दवा के साथ रोज एक घंटे तक योग करें। योग करने से उनका स्वास्थ्य तुरंत बेहतर होने लगेगा।

इसके साथ ही देश विदेश के विश्वविद्यालयों एंव चिकित्सा संस्थानों में योग विभाग स्थापित किए जा रहे है। यहां यह बताना भी उचित होगा कि पिछले पांच सालों मे ही विश्वभर में योग स्कूलों और योग स्टूडियों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। अमेरिका कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन की टॉप 10 सूची में योग सातवें नंबर पर है। योग की एक और शक्ति है जिसका अधिकतम लाभ लेने की कोशिश की जा रही है। योग की यह शक्ति है किसी भी कार्य को अधिकतम कुशलता, तल्लीनता और दक्षता के साथ अंजाम देने की क्षमता में वृद्धि। जीवन के किसी भी कार्यक्षेत्र में योग की इस शक्ति को अंगीकार कर किसान से लेकर प्रोफेसर तक कार्पोरेट से लेकर अन्य कोई भी व्यक्ति अपने दैनिक कार्यों को अधिक कुशलता से अंजाम दे सकता है। इस दिशा में आयुष मंत्रालय 'सबके लिए योगह्व परियोजना पर भी काम कर रहा है। पांच साल की इस परियोजना का उद्देश्य भारत के सभी नागरिकों तक योग की पहुंच बनाना है। इसके लिए आयुष मंत्रालय अन्य सभी मंत्रालयों का सहयोग भी ले रहा है। योगासन को एक खेल के रूप में भी स्वीकार किए जाने से इस परियोजना को बल मिला है। भारत इस समय जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और शंघाई सहयोग संगठन ( सीसीओ) के देशों का वर्ष 2023 के लिए अध्यक्ष भी है। साफ है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों की उपस्थिति भारत में है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन और भी महत्वपूर्ण हो गया है। योग की परिवर्तनकारी और दुनिया को एक सूत्र में पिरोने की उसकी शक्ति को अगर महसूस करने का कोई समय है तो वह यही है। कुछ कट्टरवादी मुसलमान योग में ओंकार के उपयोग और सूर्य नमस्कार को लेकर विरोध भी कर रहे है, लेकिन ; उन्हें क्या पता कि बाबा रामदेव के योग को अपनाकर हजारों मुसलमान असाध्य रोगों से सदा के लिये छुटकारा पा चुके हैं। अमेरिका में वर्षों रह चुके स्वस्थ जीवन और मोटे अनाज ह्ल मिलेट्सह्व के अनुसंधानकर्ता और विश्व भर में ह्ल मिलेट्स मैनह्व के नाम से प्रसिद्ध डॉ. खादर वली का कहना है की सुबह में जब सूर्या की किरणें गुलाबी रंग की होती हैं यदि उस समय कोई भी व्यक्ति 12 बार सूर्य के 12 मंत्रों के उच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार करें तो वह कभी भी अस्वस्थ हो ही नहीं सकता । सबों को डॉ. वली के यू-ट्यूब पर डाले गये व्याख्यानों को सुनना चाहिए।

# जी-20 और भारत, डिजिटल हेल्थ का वैश्विक दृष्टिकोण



लेखक
डॉ. मनसुख मांडविया

> डिजिटल स्वास्थ्य की उत्साहपूर्ण दुनिया छोटे किन्तु प्रभावपूर्ण प्रायोगिक और उप क्षेत्रों में स्मार्ट वियरेबल्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल केयर, रिमोट मॉनिटरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक-चेन, डेटा एक्सचेंज को सक्षम बनाने वाले उपकरण, स्टोरेज, दूरस्थ डेटा कैप्चर जैसे नवाचारों से परिपूर्ण हैं परन्तु यह एकीकृत वैश्विक दृष्टिकोण के अभाव में एक बिखरे हुए इको सिस्टम में उलझी हुई है। ये सारी परिस्थितियां ऐसे समय में हैं जब महामारी ने हमें पहले से ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की असाधारण क्षमता का अहसास करा दिया है। हाल के दिनों में हम भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की परिवर्तनकारी क्षमता का उपयोग करने के साथ-साथ इसका अनुभव कर चुके हैं। कोविड-19 के दौरान, कोविन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूरी तरह से गेम-चेंजर सिद्ध हुए। इन डिजिटल उपकरणों ने न सिर्फ टीके लगाने के तरीके को ही बदल दिया बल्कि इनके माध्यम से एक अरब से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं और इनमें वे लोग भी शामिल थे, जिन तक पहुंचना सबसे मुश्किल कार्य था।

आज इंटरनेट के बिना हम एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें, जहां कंप्यूटर नेटवर्क एक-दूसरे से जुड़े न हों। इस तरह की संपर्क रहित दुनिया में, एक देश के लोग ऐसी क्षमता के पुनः आविष्कार पर कार्य करना जारी रख सकते हैं जिसे विश्व के दूसरे भाग में वर्षों से उपयोग किया जा रहा है। लेकिन एक मानकीकृत इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) के बिना, वास्तविकता का हमारा संस्करण मूल रूप से ऐसी व्यवस्था से अलग दिखाई देगा जिसके पास कई स्थानीय क्षेत्रीय नेटवर्क तो हैं लेकिन प्लग-इन करने के लिए कोई समान मानक इंटरनेट सुविधा नहीं है। वास्तविकता का यह वैकल्पिक संस्करण उस प्रवाह के समान है जिसका डिजिटल हेल्थ (स्वास्थ्य) क्षेत्र आज सामना कर रहा है- विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के मुहाने पर मौजूद दुनिया इस मामले में अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व से एक मानकीकृत ढांचे और दिशा के साथ-साथ एक निर्णायक पहल की प्रतीक्षा कर रही है ताकि इसके माध्यम से अरबों लोगों को लाभान्वित करने की क्षमता रखने वाले नवाचार को ग्लोबल साउथ में बढ़ावा देते हुए बनाए रखना सुनिश्चित किया जा सके।

डिजिटल स्वास्थ्य की उत्साहपूर्ण दुनिया छोटे किन्तु प्रभावपूर्ण प्रायोगिक और उप क्षेत्रों में स्मार्ट वियरेबल्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल केयर, रिमोट मॉनिटरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक-चेन, डेटा एक्सचेंज को सक्षम बनाने वाले उपकरण, स्टोरेज, दूरस्थ डेटा कैप्चर जैसे नवाचारों से परिपूर्ण हैं परन्तु यह एकीकृत वैश्विक दृष्टिकोण के अभाव में एक बिखरे हुए इको सिस्टम में उलझी हुई है। ये सारी परिस्थितियां ऐसे समय में हैं जब महामारी ने हमें पहले से ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की असाधारण क्षमता का अहसास करा दिया है।

हाल के दिनों में हम भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की परिवर्तनकारी क्षमता का उपयोग करने के साथ-साथ इसका अनुभव कर चुके हैं। कोविड-19 के दौरान, कोविन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूरी तरह से गेम-चेंजर सिद्ध हुए। इन डिजिटल उपकरणों ने न सिर्फ टीके लगाने के तरीके को ही बदल दिया बल्कि इनके माध्यम से एक अरब से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं और इनमें वे लोग भी शामिल थे, जिन तक पहुंचना सबसे मुश्किल कार्य था।




भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटल आधार- कोविन, जहां एक ओर वैक्सीन की उपलब्धता और इसे लगाए जाने की व्यवस्था पर नजर रखता है तो वहीं दूसरी ओर यह प्रत्येक लाभार्थी के कोविड-19 टीकाकरण के लिए पंजीकरण करने के अलावा वास्तविक टीकाकरण प्रक्रिया, टीकाकरण के प्रमाण के रूप में डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ-साथ अन्य सुविधाऐं भी प्रदान करता है।


लोगों और व्यवस्था के बीच सूचना की विषमता को कम करते हुए, कोविन ने टीकाकरण अभियान को लोकतंत्रात्मक बनाते हुए यह सुनिश्चित भी किया कि सभी पात्र लाभार्थियों के लिए टीकों की उपलब्धता को सुलभ बनाया जा सके। अमीर हो या गरीब, यह सभी के लिए टीकाकरण कराने का समान तरीका था और सभी टीका लगवाने के लिए एक ही कतार में खड़े थे। इस सशक्त साधन की क्षमता को देखते हुए, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे दुनिया के लिए एक भेंट के रूप में प्रस्तुत किया। इसी तरह से टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म ई-संजीवनी, जिसके माध्यम से लोगों को अपने घर पर ही आरामपूर्वक डॉक्टरों के साथ ऑनलाइन परामर्श की सुविधा मिली, शीघ्र ही लोकप्रिय हो गया और इसके माध्यम से 10 करोड़ से अधिक परामर्श लिए गए। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक दिन में सर्वाधिक 5 लाख से अधिक परामर्श भी लिए गए। डिजिटल रूप से सक्षम कोविड वार रूम ने लगभग वास्तविक समय पर ही हमें साक्ष्य-आधारित नीतिगत निर्णय लेने में सहायता की। एक विशेष निगरानी प्रणाली- कोविड-19 इंडिया पोर्टल ने भौगोलिक स्थिति के आधार पर न सिर्फ बीमारी बल्कि मामलों की संख्या के आधार पर राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर मांग का आकलन करते हुए आवश्यक आपूर्ति के लिए आवश्यक वस्तु सूची की निगरानी भी की। आरोग्य सेतु, आरटी-पीसीआर ऐप और अन्य डिजिटल उपकरणों के माध्यम से हमारे देश के डेटा को नीति में परिवर्तित करने का मार्ग प्रशस्त किया जिसने हमारी कोविड-19 नीति प्रतिक्रिया को एक परिमाण के क्रम से मजबूत किया। सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल उपकरणों की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए, भारत पहले से ही एक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इको सिस्टम- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को तैयार कर रहा है। इसके माध्यम से रोगी अपने मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने और इसे प्राप्त करने के अलावा उचित उपचार और उपचार उपरान्त की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझा कर सकते हैं। यह रोगियों को स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवा प्रदाताओं के बारे में सटीक जानकारी दिलाने में मदद करता है।

# वीरोचित भाव जगाए मातृशक्ति



लेखक
डॉ. वंदना सेन

वीरांगना नाम सुनते ही हमारे मन-मस्तिष्क में रानी लक्ष्मीबाई की छवि उभरने लगती है। भारतीय वसुंधरा को अपने वीरोचित भाव से गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थीं। वे भारतीय महिलाओं के समक्ष अपने जीवनकाल में ही ऐसा आदर्श स्थापित करके विदा हुईं, जिससे हर कोई प्रेरणा ले सकता है। वे वर्तमान में महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल भी हैं। कहा जाता है कि सच्चे वीर को कोई भी प्रलोभन अपने कर्तव्य से विमुख नहीं कर सकता। ऐसा ही रानी लक्ष्मीबाई का जीवन था। उन्हें अपने राज्य और राष्ट्र से एकात्म स्थापित करने वाला प्यार था। वीरांगना के मन में हमेशा यह बात कचोटती रही कि देश के दुश्मन अंग्रेजों को सबक सिखाया जाए। इसी कारण उन्होंने यह घोषणा की कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। इतिहास बताता है कि इस घोषणा के बाद रानी ने अंग्रेजों से युद्ध किया। वीरांगना लक्ष्मीबाई के मन में अंग्रेजों के प्रति किस कदर घृणा थी, वह इस बात से पता चल जाता है कि जब रानी का अंतिम समय आया, तब ग्वालियर की भूमि पर स्थित गंगादास की बड़ी शाला में रानी ने संतों से कहा कि कुछ ऐसा करो कि मेरा शरीर अंग्रेज न छू पाएं। इसके बाद रानी स्वर्ग सिधार गईं और बड़ी शाला में स्थित एक झोपड़ी को चिता का रूप देकर रानी का अंतिम संस्कार कर दिया। और अंग्रेज देखते ही रह गए। हालांकि इससे पूर्व रानी के समर्थन में बड़ी शाला के संतों ने अंग्रेजों से भीषण युद्ध किया, जिसमें 745 संतों का बलिदान भी हुआ, पूरी तरह सैनिकों की भांति अंग्रेजों से युद्ध करने वाले संतों ने रानी के शरीर की मरते दम तक रक्षा की। जिन महापुरुषों के मन वीरोचित भाव से भरा होता है, उसका लक्ष्य सामाजिक उत्थान और राष्ट्रीय उत्थान ही होता है। वह एक ऐसे आदर्श चरित्र को जीता है, जो समाज के लिए प्रेरणा बनता है। इसके साथ ही वह अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। ऐसी ही थीं महारानी लक्ष्मीबाई। उनका जन्म काशी में 19 नवंबर 1835 को हुआ। इनके पिता मोरोपंत ताम्बे चिकनाजी अप्पा के आश्रित थे। इनकी माता का नाम भागीरथी बाई था। महारानी के पितामह बलवंत राव के बाजीराव पेशवा की सेना में सेनानायक होने के कारण मोरोपंत पर भी पेशवा की कृपा रहने लगी। लक्ष्मीबाई अपने बाल्यकाल में मनु व मणिकर्णिका के नाम से जानी जाती थीं। सन1850 मात्र 15 वर्ष की आयु में झांसी के महाराजा गंगाधर राव से मणिकर्णिका का विवाह हुआ। एक वर्ष बाद ही उनको पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। लेकिन चार माह पश्चात ही उस बालक का निधन हो गया। राजा गंगाधर राव को तो इतना गहरा धक्का पहुंचा कि वे फिर स्वस्थ न हो सके और 21 नवंबर 1853 को चल बसे। यद्यपि महाराजा का निधन महारानी के लिए असहनीय था, लेकिन फिर भी वे घबराई नहीं, उन्होंने विवेक नहीं खोया। राजा गंगाधर राव ने अपने जीवनकाल में ही अपने परिवार के बालक दामोदर राव को दत्तक पुत्र मानकर अंग्रेज सरकार को सूचना दे दी थी। परंतु ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार ने दत्तक पुत्र को अस्वीकार कर दिया। 27 फरवरी 1854 को लार्ड डलहौजी ने गोद की नीति के अंतर्गत दत्तक पुत्र दामोदर राव की गोद अस्वीकृत कर दी और झांसी को अंग्रेजी राज्य में मिलाने की घोषणा कर दी। यह सूचना पाते ही रानी के मुख से यह वाक्य प्रस्फुटित हो गया, मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। यहीं से भारत की प्रथम स्वाधीनता क्रांति का बीज प्रस्फुटित हुआ। रानी लक्ष्मीबाई ने सात दिन तक वीरतापूर्वक झांसी की सुरक्षा की और अपनी छोटी-सी सशस्त्र सेना से अंग्रेजों का बड़ी बहादुरी से मुकाबला किया। रानी ने खुलेरूप से शत्रु का सामना किया और युद्ध में अपनी वीरता का परिचय दिया। वे अकेले ही अपनी पीठ के पीछे दामोदर राव को कसकर घोड़े पर सवार हो, अंग्रेजों से युद्ध करती रहीं। बहुत दिन तक युद्ध का क्रम इस प्रकार चलना असंभव था। सरदारों का आग्रह मानकर रानी ने कालपी प्रस्थान किया। वहां जाकर वे शांत नहीं बैठीं। उन्होंने नाना साहब और उनके योग्य सेनापति तात्या टोपे से संपर्क स्थापित किया और विचार-विमर्श किया। रानी की वीरता और साहस का लोहा अंग्रेज मान गए, लेकिन उन्होंने रानी का पीछा किया। रानी का घोड़ा बुरी तरह घायल हो गया और अंत में वीरगति को प्राप्त हुआ, लेकिन रानी ने साहस नहीं छोड़ा और शौर्य का प्रदर्शन किया। कालपी में महारानी और तात्या टोपे ने योजना बनाई और अंत में नाना साहब, शाहगढ़ के राजा, वानपुर के राजा मर्दनसिंह आदि सभी ने रानी का साथ दिया। रानी ने ग्वालियर पर आक्रमण किया और वहां के किले पर अधिकार कर लिया। विजयोल्लास का उत्सव कई दिनों तक चलता रहा लेकिन रानी इसके विरुद्ध थीं। यह समय विजय का नहीं था, अपनी शक्ति को सुसंगठित कर अगला कदम बढ़ाने का था। इधर जनरल स्मिथ और मेजर रूल्स अपनी सेना के साथ संपूर्ण शक्ति से रानी का पीछा करते रहे और आखिरकार वह दिन भी आ गया जब उसने ग्वालियर का किला घमासान युद्ध करके अपने कब्जे में ले लिया। रानी लक्ष्मीबाई इस युद्ध में भी अपनी कुशलता का परिचय देती रहीं। 18 जून, 1858 को ग्वालियर का अंतिम युद्ध हुआ और रानी ने अपनी सेना का कुशल नेतृत्व किया। वे घायल हो गईं और अंततः उन्होंने वीरगति प्राप्त की। रानी लक्ष्मीबाई ने स्वातंत्र्य युद्ध में अपने जीवन की अंतिम आहुति देकर जनता जनार्दन को चेतना प्रदान की और राष्ट्रीय रक्षा के लिए बलिदान का संदेश दिया।



# महाराष्ट्र सरकार के मंत्री ने गंधवानी में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

फतवा समाचार ◈ धार

भाजपा को विजय बनाना है आप यदि कांग्रेस को वोट दोगे तो विकास कहां से होगा कांग्रेस झूठ बोलती है 2018 से 2020 तक कांग्रेस की सरकार हुई लेकिन उन्होंने बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया कर्ज माफ नहीं किया रोजगार नहीं दिया और ना ही विकास कार्य किए इसलिए विकास के काम नरेंद्र मोदी और शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में ही हो सकते हैं आगामी विधानसभा चुनाव में हमें फिर से भाजपा के लिए काम करना है और उन्हें वोट देना है। उक्त बात गंधवानी में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट सांस्कृतिक और वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने संबोधित करते हुए कहीं।

साथ ही उन्होंने विस्तार से बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार में भारत का मान दूसरे देश में भी बड़ा है देश में सैकड़ों एयरपोर्ट आवास शौचालय और बड़े-बड़े प्रोजेक्ट बने हैं जिससे देश भी अब आगे निकला है लोगो का फ्री इजाल हो सब हो रहा है आत्मनिर्भरता की ओर भी भारत मजबूत हो रहा है। सम्मलेन को उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव , सांसद छतर सिंह दरबार,भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी,,पूर्व मंत्री रंजना बघेल ने मंच से संबोधित किया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा ने दिया । सांसद छतर सिंह दरबा ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि कोवीट काल से लेकर अब तक सरकार फ्री में 80 करोड़ लोगों को राशन दे रही है दुनिया देख रही थी कि इतनी बड़ी संख्या में कैसे लोगों को राशन मिलेगा लेकिन नरेंद्र मोदी ने यह काम भी बखूबी कर दिखाया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा जिला प्रभारी श्री श्याम बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मनोज सोमानी, सांसद छतर सिंह दरबार,भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं गंधवानी विधानसभा संयोजक प्रभु राठौर, पूर्व मंत्री रंजना बघेल,भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा,पूर्व विधायक बलवंत मंडलोई ,जिला उपाध्यक्ष विकास मेहरवाल, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलेश राठौर,मंडल अध्यक्ष मोहन आर्य, शिवपाल आर्य,करण रावत सहित गंधवानी मनावर कुक्षी क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।




# राजगढ़ में लोकसभा स्तरीय सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सम्मेलन संपन्न

फतवा समाचार ◈ धार

आज हम सब भारतमाता के लिए काम करने वाले लोग हैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी 2015 में ही कह दिया था की अब मैदान से ज्यादा सोशल मीडिया पर लड़ा जाएगा आज सब से घातक हथियार सोशल मीडिया है। यह बात महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट सांस्कृतिक और वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने सरदारपुर विधानसभा के राजगढ़ में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सम्मेलन में कही। सोशल मीडिया सम्मेलन को उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने संबोधित किया। सुधीर मुनगंटीवार ने कहा की कांग्रेस ने पेशेवर लोगो की टीम सोशल मीडिया पर काम करने के लिए लगाई है कांग्रेस के लिए राजनीति प्रोफेशनल हे और हमारे लिए देश सेवा है। हमारी सरकार देश से लेकर प्रदेश तक काम कर रही है। आज कांग्रेस जो नफरत का जहर फैला रही हे उसे हमे सोशल मीडिया के माध्यम से रोकना है। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सम्मेलन में भाजपा जिला प्रभारी श्री श्याम बंसल,सांसद छतर सिंह दरबार, अभियान लोकसभा प्रभारी दिलीप पटोदिया ,भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, सोशल मीडिया संभाग प्रभारी विक्की मित्तल,जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा,भाजपा नेता प्रभु राठौर ,विश्वास पांडे ,नीलेश भारती,वेलसिंह भूरिया ,संजय बघेल ,मुकामसिंह , विधानसभा संयोजक राजेंद्र गर्ग ,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ,दीपक सिंह रघुवंशी ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जय सुर्या ,सहित क्षेत्रीय मंडल अध्यक्ष मंचासीन थे। सम्मलेन में जिले भर से आए सोशल मीडिया प्रभारी जिला पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सम्मलेन का संचालन जिला सह संयोजक निशीथ पंडित व आभार सोशल मीडिया जिला संयोजक राधवेंद्र सोनु रघुवंशी ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# पेट्रोल पंप के मैनेजर के साथ हुई लूट का हुआ खुलासा.....

राम सिंह यादव ◈ टीकमगढ़

टीकमगढ़ पुलिस को बडी सफलता लगी हाथ, पांच युवकों को गिरफ्तार कर पेट्रोल पंप मैनेजर लूटकाण्ड का किया खुलासा, पकडे गये युवकों द्वारा 6 जून 2023 को मैनेजर की कनपटी पर कट्टा अडाकर दिया गया था लूट की घटना को अंजाम, पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बाईक सहित लूटे गये रूपयों में से 6 लाख 11 हजार रुपए किये जप्त, जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र का मामला।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के इमलाना डारगुआं गांव के बीच 6 जून 2013 को पेट्रोल पंप मैनेजर वीरेंद्र अहिरवार के साथ बाईक सवार 3 नकाबपोश अज्ञात बदमाशों द्वारा उस समय लूट की घटना को अंजाम दिया गया था जब मैनेजर वीरेंद्र अहिरवार पेट्रोल पंप से 8 लाख 89850 रुपए लेकर बैंक में जमा करने जा रहा था, घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू की, मामले की जांच दौरान साइबर सेल की मदद से पता चला कि 6 जून को ग्राम सकरर निवासी विश्व प्रताप सिंह पेट्रोल पंप के आसपास घूम रहा था, जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई,



जहां पूछताछ दौरान विश्व प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने स्वयं के साथ राहुल राजा, अभिषेक प्रताप सिंह, हेमंत राजपूत, आकाश शर्मा, हेमू त्रिपाठी के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें उन्होंने 7 लाख 61 हजार 710 रुपए लूटे थे, मामला खुलते ही पुलिस ने विश्वप्रताप सिंह सहित घटना में शामिल 5 आरोपियों राहुल राजा, अभिषेक प्रताप सिंह, हेमंत राजपूत, आकाश शर्मा को गिरफ्तार कर उनके पास से लूट के 6 लाख 11 हजार रुपए बरामद किये गये, जबकि एक आरोपी हेमू त्रिपाठी अभी फरार है।

# पलेरा नगर पहुंची कमलनाथ संदेश यात्रा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

राम सिंह यादव ◈ टीकमगढ़

**पलेरा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के पांच बचन को लेकर निकाली जा रही संदेश यात्रा बुधवार के दिन खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की पलेरा नगर पहुंची। पूर्व कॉन्ग्रेस विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के समर्थकों के द्वारा कमलनाथ संदेश यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के नगर में पहुंचते ही कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाते हुए तमाम कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकताओं ने पिछड़ा वर्ग कांग्रेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दामोदर सिंह यादव का स्वागत किया। इसके बाद यह संदेश यात्रा जतारा विधानसभा की ओर आगे बढ़ी। वही प्रेस कॉन्फ्रेंस श्री यादव जी के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सुरेंद्र सिंह गौर की ओर टिकिट के लिए इशारा किया गया जिससे कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी का माहौल है इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह गौर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू राय, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, मोहम्मद खलील, सत्येंद्र प्रकाश खरे, मोहन लाल अहिरवार, गौरव वर्मा राहुल रजक विश्वदीप सिंह चौहान गब्बर यादव, इकरार खान अहमद खान समेत अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं आम जनता मौजूद रही।

# पर्यटन नगरी खजुराहो की रेलवे स्टेशन पर खुलेआम बिक रही अवैध शराब

बाल किशन विश्वकर्मा ◈ छतरपुर

जिले की विश्वनीय पर्यटन नगरी खजुराहो सहित आइकोनिक सिटी तथा खजुराहो रेलवे स्टेशन पर रात्रि के समय नशेड़ियों और गुंडों का जमावड़ा लगा रहता है जहां पर आए दिन अवैध वसूली लूट पाट मार पीट जैसी घटना सामने आती रहती है! लेकिन बाहर से आने वाले यात्रियों को इन नशेड़ियो की गुंडागर्दी और बदतमीजी का सामना करना पड़ता है! ऐसे में खजुराहो रेल्वे स्टेशन को बदनामी का दंस झेलना पड़ रहा है !क्षेत्रीय सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा रेलवे का सौंदर्यीकरण एवं रेलवे मैं ट्रेनो की वृद्धि करने के लिए प्रयासरत है जिस कारण से खजुराहो में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके लगातार रेल सुविधाओ को बड़ाने और स्टेशन को हाईटेक करने के लिए तथा रेलवे स्टेशन को दर्जा दिला चुके हैं लगातार मगर रेलवे स्टेशन को विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं तथा वहीं दूसरी ओर स्थानीय



प्रशासन अपनी मनमानी पर उतारू हैं हो गया है जिससे रेलवे स्टेशन को नशे का अड्डा बना दिया है वहीं पर बने बाबा ढाबा में खुले आम नशे की तमाम सामग्री बेची जा रही है तथा पूरी रात ढाबा संचालित करने की छूट प्रशासन ने दे रखी है अगर रेलवे के अंदर इस प्रकार का अवैध रूप से कृत्य करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं होती है जो एक चिंता का विषय बना हुआ है काफी प्रयास करने के बाद भी सिस्टम में बैठे कर्मचारी पुलिस प्रशासन तथा आबकारी विभाग एवं रेलवे मंडल पर एक सवालिया निशान चिन्ह खड़े हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो उसी रेलवे स्टेशन के अंदर अवैध रूप से शराब और गांजा का कारोबार भी फल-फूल रहा है लेकिन इस तरह के अवैध नशे के कार्यों को देखकर यह प्रतीत होता है कि चोर चोर मौसेरे भाई है शायद कमीशन की आड़ में यह गोरख धंधा दिन प्रति दिन फल फूल रहा है अब देखना है ?खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन क्या कार्यवाही करता है या यह मामला जन चर्चा का विषय बना रहेगा

> “
> यह तो बड़े दुर्भाग्य की बात है जो लोग ऐसे अवैध कार्य कर रहे हैं आबकारी और पुलिस विभाग को तत्काल कार्यवाही करेनी चाहिए ताकि कोई क्षेत्र को बदनामी या कलंक देने वाली घटना करे
> – **बीरेंद्र तिवारी,** अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष
>
> खजुराहो संसदीय क्षेत्र में इस तरह से अवैध शराब का जो कार्य किया जा रहा है वह निंदनीय है शासन प्रशासन के संरक्षण से ही यह कार्य किया जा रहा है
>
> रामराजा पाठक बीएसपी प्रत्याशी

# सिरफिरे युवक ने दिनदहाड़े युवती पर किया चाकू से वार, भीड़ ने पीटा



फतवा समाचार ◈ सिवनी

सिरफिरे युवक कहां किस महिला पर अचानक हमला कर दें यह कहा नहीं जा सकता है। इन दिनों ऐसे मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। सिवनी में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां शहर के एलआईवी चौक में सोमवार को दिनदहाड़े एक युवक ने रास्ते से जा रही युवती पर चाकू से वार कर दिया। इससे युवती घायल हो गई। वहीं मौके पर एकत्रित लोगों ने युवक को पकड़ककर जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। वहीं घायल युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि सोमवार को मुख्य बाजार के पास चहल-पहल वाले मार्ग में सिरफिरे युवक सुशील यादव ने युवती पर हमला किया। प्रतिदिन युवती अपने काम से छिंदबर्री से आकर यहां से गुजरती है। सोमवार को युवती जब एलआईवी चौक हनुमान मंदिर के सामने दादू मोहल्ला से गुजर रही थी इसी दौरान युवक वहां पहुंचा और अपने साथ में लाएं चाकू से युवती पर प्रहार करने लगा। युवक ने युवती के गले व हाथ पर वार कर दिया। यह घटना देख आसपास के लोग अचरज में पड़ गए। वही तत्काल कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए युवक को पकड़ा व गंभीर रूप से घायल युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां युवती का इलाज जारी है।

**पुलिस कर रही युवक से पूछताछ :** युवती के हमले के बाद लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली थाना प्रभारी को दी। कोतवाली थाना प्रभारी महादेव नागोतिया ने बताया कि आरोपित युवक सुशील यादव को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ जारी है। वहीं युवती का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। यहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। युवक ने युवती पर चाकू से क्यों प्रहार किया, इसकी पतासजी पुलिस कर रही है। वहीं लोगों की पिटाई के बाद युवक भी घायल हो गया है।

# माता-पिता की याद में बनवाया मंदिर, पितृ दिवस पर शुरू हुई पूजा, पुत्र को हमेशा इस बात का अफसोस रहा

फतवा समाचार ◈ बड़वानी

पितृ दिवस पर कलयुग के एक श्रवणकुमार ने अपने माता-पिता की याद में बनवाए मंदिर में पूजा शुरू की। यह मंदिर जिले के राजपुर विकासखंड के ग्राम सांघवी ठान में बनाया गया है। सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षक लक्ष्मीचंद भालसे ने अपने स्व. माता-पिता की याद में इसे बनाया है। पितृ दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार से इसमें पूजन शुरू किया गया। इसे लेकर क्षेत्र में चर्चाएं हो रही हैं। शिक्षक भालसे ने बताया कि बचपन में जब वे पढ़ाई कर रहे थे तो उनके माता-पिता ने बहुत संघर्ष किया और कड़ी मेहनत से पैसे कमाकर पढ़ाई कराई। जब वे शिक्षक बने तो विविध स्थानों पर पदस्थापना के चलते वे अपने माता-पिता से दूर रहे। इस दौरान वे माता-पिता से अधिक जीवंत संपर्क नहीं होने से वे उनकी सेवा नहीं कर पाए।

इस दौरान उनका निधन हो गया। इससे भालसे को आघात पहुंचा और अफसोस रहा कि वे माता-पिता की सेवा नहीं कर पाए। ना ही उनका ध्यान रख सके। इसलिए उन्होंने यह निर्णय लिया कि सेवानिवृत्ति के बाद माता-पिता का मंदिर बनाकर उसमें जीवनभर माता-पिता की तस्वीर रखकर उसकी पूजा व सेवा करेंगे। करीब आठ लाख रुपये की लागत से बने इस मंदिर में पूजन की शुरूआत सोमवार से की गई। मंदिर में दीपक जलाकर प्रार्थना की। वहीं मंदिर में कीर्तन भी किया गया। शिक्षक भालसे के अनुसार नई पीढ़ी को इस मंदिर से अपने माता-पिता के प्रति सेवा करने की भावना और श्रद्धा जाग्रत होगी। उन्हें इससे प्रेरणा मिलेगी ताकि वे अपने माता पिता की सेवा कर उनका पूरा ध्यान रख सके।



# समाजसेवी गनेश रैकवार सैकड़ों वार्डवासियो के साथ पहुंचे नगर परिषद खजुराहो सुनाई वार्डवासियो की समस्याए

फतवा समाचार ◈ खजुराहो

नगर परिषद खजुराहो के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक चार व वार्ड क्रमांक एक मै वार्डवासियो को आ रही समस्याओं को लेकर सम्राट अशोक क्रांति सेना के नगर अध्यक्ष गनेश रैकवार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता एंव वार्डवासियो के नगर परिषद सीएमओ व अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा है । सम्राट अशोक क्रांति सेना के पदाधिकारी तीरथ कुशवाहा प्रदेश प्रभारी, जिला अध्यक्ष रवि कुशवाहा, विधानसभा प्रभारी अरविंन्द्र कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष कन्हैया कुशवाहा ने वार्डवासियो की समस्याओं को जल्द निराकरण की बात कही है उनका कहना है कि वार्डवासियो की समस्या ही हमारी समस्या है ज्ञापन को तुरंत संज्ञान मे लेकर समस्याओं का निराकरण किया जाए अन्यथा आगामी समय मै सम्राट अशोक क्रांति सेना आंदोलन के लिये बाध्य होगी।




**ज्ञापन मै वार्डवासियो की चार प्रमुख समस्या है।**

1- वार्ड क्रमांक 04 शंकरगढ, बजरंगढ मै रहने वाले वार्डवासियो का राशन अपने वार्ड चार मै ना बाटकर 2 कि. मी. की दूरी लालगुवां मै बाटा जाता है जिससे वार्डवासियो का पूरा दिन का समय राशन लेने मै निकल जाता है और महिलाओं को आने जाने मै समस्याओं का सामना करना पड रहा है

2 - वार्डवासी लगातार कई वर्षों से आवास की राह देखे रहे है लगातार नगर परिषद खजुराहो के चक्कर लगाने को मजबूर है गरीब वार्डवासी आज भी आवास से वंचित है गरीब रहवासियों के नाम जोडे जाए और बरसात के पूर्व राशि डाली है ताकि वार्डवासियो को बरसात के दिनों में समस्या का सामना न करना पडे

3- वार्ड क्रमांक चार कब्रिस्तान के बगल मै विधुत खंबे की व्यवस्था की जाए साथ ही सडक की व्यवस्था की जाए

4 - वार्ड क्रमांक एक खरोर्ही के दर्शन नगर व देवरी पुरवा के वार्डवासियो की वर्षों से मांग चली आ रही है वार्ड मै विधुत खंबो की व्यवस्था की जाए

ज्ञापन देते समय सम्राट अशोक क्रांति सेना के, तीरथ कुशवाहा रवि कुशवाहा, कमलेश रजक, सतेंद्र रजक, अशोक कुशवाहा, अरविन्द कुशवाहा, राहुल पटेल, रामबाबू अहिरवार, राम औतार अनुरागी, मैया दिन अनुरागी, श्याम अनुरागी, बबलू अनुरागी, संतोष अनुरागी, मनोज रैकवार, अजय रैकवार, रनजीत रैकवार, पप्पू रैकवार, नरेश गुप्ता, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवसः जिले भर में हुए सामूहिक योग के कार्यक्रम

फतवा समाचार ◈ कटनी

नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हर घर आंगन योग के संदेश को बढ़ावा देने बुधवार 21 जून को प्रातः 6 बजे से जिले भर में सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस वर्ष योग दिवस की थीम ह्यह्यवसुधैव कुटुम्बकम- के लिए योगह्नह्न है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर, कटनी में मुड़वारा विधायक श्री संदीप जायसवाल, कलेक्टर अवि प्रसाद की मौजूदगी में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। यहां लोगों ने सामूहिक रूप से आसन, प्राणायाम और ध्यान की यौगिक क्रियाओं में भाग लिया। योग कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया गया। यहां जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के उदबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। इस दौरान कटनी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, पूर्व विधायक अलका जैन, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं सिविल सर्जन यशवंत वर्मा, सी.ए. सुशील शर्मा एवं अन्य सदस्यों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों, विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों, शासकीय अधिकारी - कर्मचारियों, छात्र- छात्राओं ने योगाभ्यास किया। योग दिवस के अवसर पर जिले के ऐतिहासिक स्थल विजयराघवगढ़ के किले सहित विभिन्न स्थानों पर योग सत्र आयोजित किये गये। योग सत्र में बड़ी संख्या में शामिल होकर लोगों ने योगाभ्यास किया। सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से की गई तत्पश्चात योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को चालन क्रियायें, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। योगासनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्थानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्थानपादासन, अर्द्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन का अभ्यास कराया गया। इसके पश्चात कपालभाती, अनुलोम- विलोम, शीतली और भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। फिर ध्यान, संकल्प एवं शांतिपाठ किया गया।



जिला मुख्यालय में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ विशेष योग सत्र का आयोजन



## योग ध्यान के साथ आईपीएस की नवीन सत्र की शुरूआत



योग ध्यान के साथ आईपीएस की नवीन सत्र की शुरूआत, मनाया गया नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस , बरही नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आईपीएस के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा योग मेडिटेशन के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरूआत की गई इस अवसर विद्यालय के चेयर पर्सन आर. एस. कामता जायसवाल ने योगा करने से होने वाले शरीर के लिए विभिन्न फायदे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को नियमित योग अभ्यास के माध्यम से इस शरीर को स्वस्थ रखना पड़ेगा क्योंकि भोजन के साथ कई प्रकार के जहरीले केमिकल केमिकल युक्त खाद्य पदार्थों पदार्थों के सेवन एवं बढ़ते हुए विभिन्न प्रदूषण के कारण शरीर के अंदर विषैले पदार्थ प्रवेश हो रहे हैं उनसे बचाव के लिए योगा एवं मेडिटेशन एक ऐसा माध्यम है जो आपको वर्षों तक स्वास्थ रख सकता है इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# कैमोर का श्रमधाम कला एवं वाणिज्य कालेज चर्चा में, प्रैक्टिकल में पैसे नहीं दिए तो कर दिया फेल

## रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन कर रहा है जांच, पर्यवेक्षक ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को किया था पास

फतवा समाचार ◈ जबलपुर

कालेज स्तर पर होने वाले प्रैक्टिकल परीक्षा में फेल विद्यार्थियों ने कालेज प्रबंधन पर पैसे मांगने का आरोप लगाया है। बीएड तृतीय सेमेस्टर के छह विद्यार्थियों ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन को लिखित शिकायत दी है। आरोप लगाया कि प्रैक्टिकल परीक्षा में पैसे नहीं देने की वजह से उन्हें फेल कर दिया गया। जिस वजह से उनका परिणाम खराब हो गया है। इधर प्रशासन ने जब जांच की तो परीक्षा लेने गई पर्यवेक्षक ने बताया कि उसने सभी विद्यार्थियों को पास किया था फिर फेल कैसे हुए यह नहीं पता। हालांकि प्रबंधन का पक्ष भी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन सुनेगा।

**क्या है मामला :** अप्रैल में बीएड तृतीय सेमेस्टर की बाह्य परीक्षा हुई। विद्यार्थियों का आरोप है कि उनसे कैमोर श्रमधाम कला एवं वाणिज्य कालेज की एक शिक्षिका ने पांच-दस हजार रुपये की मांग की थी। ये पैसे प्रति छात्र के हिसाब से अलग-अलग थे। जब उन्होंने रुपये नहीं दिए तो उन्हें प्रैक्टिकल परीक्षा में अनुत्तीर्ण कर दिया गया। विद्यार्थियों ने इस मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन से जांच की मांग की है।

**यदि पैसे की मांग की गई तो ये बेहद चिंता का विषय :** परीक्षा नियंत्रक डा.रश्मि मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच हो रही है। कैमोर श्रमधाम कला एवं वाणिज्य कालेज के प्रबंधन से भी इस संबंध में पूछताछ होगी। यदि पैसे की मांग की गई है तो ये बेहद चिंता का विषय है। वहीं बाह्य परीक्षा लेने पहुंचे शिक्षक को जब विश्वविद्यालय में बुलाकर पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सभी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण किया गया था अब ये नंबर कैसे परिवर्तित हुए उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।



# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखें - डॉ. सिडाना

## कलेक्टर ने किया बिछिया विकासखंड का भ्रमण

फतवा समाचार ◈ मंडला

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बिछिया विकासखंड के विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए उन्हें उचित गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के तकनीकि अधिकारी कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों में गति लाने का प्रयास करें। भ्रमण के दौरान सहायक कलेक्टर अर्थ जैन, एसडीएम बिछिया सर्जना यादव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

**सीएम राईज स्कूल अंजनिया का निरीक्षण :** भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिडाना ने सीएम राईज स्कूल अंजनिया में चल रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा शाला भवन के मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर हर स्तर पर जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। कार्यों को 30 जून तक पूर्ण कराएं। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति के संबंध में नियमित फीडबैक भेजने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सीएम राईज स्कूल भवन के लिए प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण किया, उन्होंने तहसीलदार को विद्यालय परिसर का सीमांकन करने के निर्देश दिए।

**विद्यालय से आत्मीय रूप से जुड़ें शिक्षक :** अंजनिया में सीएम राईज स्कूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शिक्षकों से चर्चा करते हुए विद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर और अकादमिक रूप से समर्थ बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालय से आत्मीय रूप से जुड़ें। विद्यालय भवन तथा फर्नीचर के समुचित रख-रखाव करें। शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। बेहतर कार्ययोजना बनाकर पाठ्यक्रम को समय से पूर्व पूर्ण कराने का प्रयास करें। शिक्षक बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर उदाहरण प्रस्तुत करें।

**हालोन परियोजना का निरीक्षण :** बिछिया भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने हालोन परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य एजेंसी से पिलर, गेट, केनाल तथा सर्वे आदि कार्यों के संबंध में जानकारी लेते हुए कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। बीते 2 माह में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कार्यएजेंसी समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रोजेक्ट के सभी घटकों में एकसाथ काम सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने केनाल के मरम्मत के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।





# विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर ने ली बीएलओ तथा सुपरवाईजर्स आदेश

दुर्गेश बर्मन ◈ मंडला

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बिछिया में बीएलओ तथा सुपरवाईजर्स की बैठक ली। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूरी सावधानी से करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बीएलओ एवं सुपरवाईजर अपने क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत या बाहर जा चुके मतदाताओं के नाम काटने तथा संशोधन आदि की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। सभी बीएलओ तथा सुपरवाईजर प्रत्येक मतदान केन्द्रों का भ्रमण करें तथा उनमें प्रकाश, बिजली, पेयजल आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी एकत्र कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जो मतदान केन्द्र भवन जर्जर हैं, उन्हें बदलने के प्रस्ताव जमा करें। बैठक में सहायक कलेक्टर अर्थ जैन, एसडीएम



## व्यवहार न्यायालय परिसर शहपुरा में किया गया योग

# मानव जीवन को खुशहाल और स्वस्थ बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में किया गया योग और ध्यान

दुर्गेश बर्मन ◈ डिंडोरी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अमूल्य जीवन को खुशहाल और स्वस्थ बनाए रखने के लिए रानी दुर्गावती स्टेडियम व व्यवहार न्यायालय शहपुरा प्रांगण में विधिक सेवा समिति तहसील शहपुरा के तत्वाधान में योग और ध्यान का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायधीश दिलीप पाटिल ने योग के बारे में कहा की सभी न्यायालयीन कर्मचारीगण को आवश्यक रूप से योग करना चाहिए यह हम लोगों के लिए ज्यादा जरूरी है । इस बीच हार्टफुलनेस हैदराबाद से आए योगाचार्य ने योग ध्यान के माध्यम से जीवन को सरल बनाने के अनेक तरीके सिखाएं।

वही योग शिक्षक ब्रजबिहारी साहू ने सूक्ष्म व्याम, प्राणायाम, योग के फायदे बताकर योग करवाई ।

सामान्य योग शरीर को स्वस्थ बनाए रखने का कार्य करता है, निरोग बनाए रखने का कार्य करता है। वही ध्यान हमारे मन को शांत और आनंदमय बनाने का कार्य करता है। इंसान का जीवन तभी खुशहाल रह सकता है जब वह योग और ध्यान को जीवन में अपनाए।

वर्तमान के आपाधापी भरे समय में लोगों को सिर्फ काम काम, पैसे-पैसे दिख रहा है इसके कारण मानव जीवन तनावग्रस्त हो गया है।

वर्तमान समय में हमें यह समझना पड़ेगा,हमें अलग-अलग तरह से खोजना पड़ेगा की हमारे पास सब चीज होकर भी हम शांत या आनंद में क्यों नहीं है। जीवन में हमें शांति और आनंद चाहिए तो हमें योग और ध्यान की गहराई में जाना ही पड़ेगा। आज के कार्यक्रम में व्यवहार न्यायाधीश दिलीप पाटिल, योग शिक्षक ब्रज बिहारी साहू, हार्टफुलनेस हैदराबाद के योगाचार्य भारतीय किसान संघ डिंडोरी के जिलाध्यक्ष व परामर्शदाता बिहारी लाल साहू, जिलामंत्री निर्मल कुमार साहू , विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक महेन्द्र कुड़ापे सहित अनेक कर्मचारीगण सहित जन उपस्थित रहे।

योग,शरीर को स्वस्थ रखता है वही ध्यान मन को शांत रखता है- योगाचार्य




## जन शिक्षण संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

डिंडोरी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस २१ जून २०२३ को जन शिक्षण संस्थान द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय परिसर डिंडोरी में सामूहिक योगा कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों से अधिकारी कर्मचारी के साथ जन शिक्षण संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रशिक्षक लाभार्थी के साथ कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती रीता मिश्रा,श्रीमती मिथिलेश परस्ते, लक्ष्मी नारायण उपस्थित रहे, इसी क्रम मे संस्थान द्वारा जिला कारागार में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में योग शिविर का आयोजन किया गया संस्थान के प्रशिक्षक राम प्रसाद विश्वकर्मा (योग शिक्षक) द्वारा कारागार में निरुद्ध लोगों को योगा अभ्यास कराने के साथ योग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई संस्थान की ओर से इस कार्यक्रम मे राम कृष्ण गर्ग उपस्थित रहे ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस:रीवा में छात्रों के साथ जनप्रतिनिधि व अफसरों ने किया योगाभ्यास, वसुधैव कुटुम्बकम की थीम पर आयोजित हुआ प्रोगाम

फतवा समाचार ◈ रीवा

रीवा जिले में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वसुधैव कुटुम्बकम की थीम पर आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक-1 के परिसर में हुआ। जहां जनप्रतिनिधि व अफसरों ने छात्रों के साथ योगाभ्यास किया। योग दिवस के मौके पर पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी उपाध्याय ने बताया कि बुधवार की सुबह 6 बजे सभी प्रतिभागी एकत्रित हुए। सुबह 6.02 बजे मुख्य अतिथि का उद्बोधन हुआ। सुबह 6.10 बजे से भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में सुबह 7 बजे से 7.45 तक निर्धारित क्रम के अनुसार योगाभ्यास हुआ।



**सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में हुआ योग :** जिला मुख्यालय में मुख्य कार्यक्रम के अलावा सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में योग दिवस मनाया गया। वहीं ब्लॉक मुख्यालयों से लेकर तहसील व नगर पंचायत क्षेत्र में वृहद पैमाने पर सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित हुए। सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, आईटीआई समेत शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित रही।



**एनसीसी, एनएसएस और पुलिस कर्मियों की रही भागीदारी :** बताया गया कि सामूहिक योग कार्यक्रम में योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिस कर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, स्वयंसेवी संगठन, औद्योगिक संगठन और आम नागरिक शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि योग एक शारीरिक एवं आत्मिक क्रिया है। जिसका किसी धर्म अथवा पंथ से कोई संबंध नहीं है। यह निरोग रहने के लिए किया जाता है। ऐसे में सभी को रोजाना योग करना चाहिए।

# सीधी में महिला दो बच्चों को लेकर कुएं में कूदी, तीनों की मौत

फतवा समाचार ◈ सीधी

जिले के कोतवाली थानांतर्गत मुड़ी गांव में एक महिला अपने दो बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। इस घटना में तीनों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि महिला ने आत्महत्या की है। इनके शव गांव के ही एक चरवाहे ने कुएं में तैरते देखा जिसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। वहीं घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शव को कुएं से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना बुधवार सुबह की बताई जा रही है। जब गांव के एक चरवाहे ने सुबह लगभग 11 बजे कुएं में एक महिला और उसके दो बच्चों के शव उतराते हुए देखा। जिसके बाद वह बदहवास होकर गांव की ओर भागा और लोगों को इसकी सूचना दी। गांववालों ने



भी मौके पर जाकर देखा तो पता चला कि महिला गांव की ही रहने वाली है। जिसके बाद उन्होंने मृत महिला के स्वजनों व पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शव को बाहर निकलवाया। मृत महिला की पहचान 32 वर्षीय प्रमिला कुशवाहा पति ओमकार कुशवाहा के रूप में हुई जो कि मुड़ी गांव की ही निवासी है। वहीं उसके साथ मिले दो बच्चों के शव तीन वर्षीय सिद्धार्थ कुशवाहा और नौ वर्षीय श्रेयांश कुशवाहा के हैं जो उसी के बेटे हैं। ग्रामीणों ने कुएं में गांव की महिला का शव देखा तो उन्होंने स्वजनों को सूचित किया जिसके बाद मौके पर महिला के ससुर राजकुमार कुशवाहा सहित परिवार के अन्य सदस्य भी पहुंचे और शव की शिनाख्त की। इस घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है और चर्चा का बाजार गर्म है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है। जानकारी अनुसार मृत महिला का उसके पति और सास-ससुर से आए दिन विवाद होता रहता था। संभावना जताई जा रही है कि पारिवारिक कलह के कारण ही महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल अब तक आत्महत्या का कारण अज्ञात ही है। वहीं पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है। इस संबंध में सीधी एसपी का कहना है कि तीनों के शव गांव के ही पास बने कुएं में मिले हैं जिसके बाद पूरे घटनाक्रम की जांच पुलिस कर रही है।

## 12 घंटे में जिले में 1552 भूमि प्लाटों का सीमांकन

# एशिया बुक आफ दी रिकार्डस एवं इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज



फतवा समाचार ◈ सतना

सतना जिले में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 2.0 के दौरान कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा 20 मई 2023 को एक दिवस में राजस्व अधिकारियों के सहयोग से मैदान में जाकर 1552 भूमि प्लाटों के सीमांकन के नवाचार को एशिया बुक आफ दि रिकार्डस एवं इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है। संस्था की ओर से उनके प्रतिनिधियों ने 21 जून 2023 को सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अनुराग वर्मा को इन उपलब्धियों का प्रमाण पत्र एवं मेडल सौंपे। इस मौके पर राजस्व विभाग की इस महत्वपूर्ण दो उपलब्धियों पर कलेक्टर का संस्था और राजस्व विभाग की ओर से अभिनंदन किया गया। जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की ओर से सीमांकन के महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार, चौकीदार तक के अमले को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

**कलेक्टर अनुराग वर्मा के नवाचार को 2 उपलब्धियों से नवाजा गया**

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि जिले में एक दिन में 12 घंटे के भीतर 1552 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण एक संयुक्त टीम के प्रयास का परिणाम है। जिसमें कलेक्टर से लेकर कोटवार तक सभी राजस्व अमला मैदान में लगा रहा। उन्होंने कहा कि सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के लिए अविवादित सीमांकन के लंबित प्रकरणों में सभी औपचारिक प्रकियायें पूर्ण कर राजस्व अधिकारियों को 1275 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें राजस्व अधिकारियों और अमले ने जी तोड़ मेहनत कर लक्ष्य से कहीं अधिक 1552 प्रकरण निराकृत कर आरसीएमएस पोर्टल में विधिवत दर्ज कराये। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मीडिया के मित्र भी मैदान में मौजूद रहकर लगातार गतिविधियों को कवर कर रहे थे। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले में मिली इस उपलब्धियों के लिए बधाई और शुभकामनायें दी।

एशिया बुक आफ रिकार्डस तथा इण्डिया बुक आफ रिकार्ड के प्रतिनिधि डॉ. हर्षित तिवारी ने कहा कि एक जिले में 12 घंटे में 1552 लैण्ड डी मार्केशन का रिकार्ड देश और एशिया में बना है। यह एक असाधारण गतिविधि और कड़ी मेहनत तथा संयुक्त प्रयास और निर्देशन का सफल परिणाम है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था देश-विदेश में होने वाली असाधारण गतिविधियों की व्यापक तहकीकात करती है और प्रमाणित होने के बाद ही एशिया बुक आफ रिकार्ड तथा इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में नाम शामिल किया जाता है। डॉ. हर्षित तिवारी ने संस्था की ओर से एशिया बुक आफ रिकार्ड तथा इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में नाम दर्ज होने का पृथक-पृथक प्रमाण पत्र और मेडल कलेक्टर अनुराग वर्मा को भेंट किये। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द सिंह ने पूरे अभियान के पावर प्रजेन्टेशन करते हुए बताया कि सतना जिले में सीमांकन के विशेष अभियान में जिले के 566 पटवारी और राजस्व अधिकारियों के सहयोग से 1552 सीमांकन कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में किये गये हैं। 20 मई को सुबह से शाम तक चले अभियान में सतना जिले के 9 अनुविभाग, 11 तहसीलों के राजस्व अधिकारी पूरा दिन मैदान में जुटे रहे और शाम से देर रात तक आरसीएमएस पोर्टल में विधिवत सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण को दर्ज कराया। हालांकि कलेक्टर सतना ने एक दिन में 1275 लंबित सीमांकन प्रकरणों का टारगेट दिया था। लेकिन राजस्व अधिकारियों ने भरी दोपहर कड़ी मेहनत कर लक्ष्य से कही अधिक प्रकरण निपटाये। किसानों और काश्तकारों को मौके पर ही सीमांकन प्रमाण पत्र भी दिये गये।

सुबह से शाम तक चले अभियान में सबसे अधिक मैहर तहसील में 238 सीमांकन प्रकरण निपटे जबकि नागौद में 222, रघुराजनगर में 184, रामपुर बघेलान में 215, अमरपाटन में 103, मझगवां में 114, उचेहरा 137, रामनगर में 128, बिरसिंहपुर में 81, कोठी में 67, तहसील कोटर में 63 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इस प्रकार एक दिनी महा अभियान में 11 तहसीलों में कुल 1552 लंबित सीमांकन प्रकरणों का निराकरण हुआ। इस मौके पर एसडीएम सिटी नीरज खरे, तहसीलदार बीके मिश्रा, राजस्व निरीक्षक पटवारी और कोटवारों ने सीमांकन महाअभियान के अपने अनुभव साझा किये। सतना जिले को राजस्व विभाग में मिली इन दो-दो उपलब्धियों पर राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर अनुराग वर्मा का अभिनंदन किया। वहीं कलेक्टर श्री वर्मा ने राजस्व विभाग के मैदानी स्तर के अमले पटवारी और कोटवार को सम्मानित किया। जिला प्रशासन की ओर से राजस्व विभाग की इस उपलब्धि के लिए अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी और कोटवार को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. परीक्षितराव झाड़े, आयुक्त नगर निगम राजेश शाही, एसडीएम नीरज खरे, राजेश मेहता, सुरेश जादव, आरती यादव, सुधीर बैक, आरएन खरे, जितेन्द्र वर्मा सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परमीत कौर, मनोहर कुमार, विजय गौतम, सतना जिले की रिकार्ड धारक सुश्री विभूति मिश्रा, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस योगेश तिवारी सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी और कोटवार एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।


# अमरपाटन महविद्यालय में 25 एडऑन कोर्स का सफलतापूर्वक समापन

फतवा समाचार ◈ अमरपाटन



महाविद्यालय में द्वितीय बैच में संपादित 19 एडऑन कोर्स एवं प्रथम बैच में 6 एडऑन कोर्स मिलाकर कुल 25 एडऑन कोर्स का समापन सफलतापूर्वक हुआ। ऐडऑन कोर्स के द्वितीय बैच के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय अग्रणी महाविद्यालय सतना, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आरके द्विवेदी ने सरस्वती पूजन से कार्यक्रम की शुरूआत की। महाविद्यालय में विद्यार्थियों में सर्वांगीण विकास एवं रोजगार में सफलता के लिए आइक्यूएसी के संयोजक डॉ एस एन मिश्र ने इन कोर्सों का प्रारुप के बारे मे जानकारी दी। इन कोर्सों मे सभी क्रास कटिंग इशु स्किल डेवलपमेंट, भाषा सुधार, पर्यावरण संरक्षण एवं जेंडर को ध्यान में रखते हुए। इन कोर्सों का डिजाइन किया गया था। ऐडऑन प्रभारी प्रदीप द्विवेदी एवं एवं सभी कोर्स कोऑर्डिनेटर की सहायता से सिलेब्स तैयार कर सफलतापूर्वक संचालन किया गया। समापन समारोह मे सभी प्रतिभागी छात्रो को प्रमाण- पत्र वितरित किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपी. सिंह ने इन कोर्सों के सफलतापूर्वक संचालन पर आइक्यूएसी संयोजक, एडऑन प्रभारी, कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। समापन कार्यक्रम में एडऑन कोर्स के पंजीकृत छात्र- छात्राओं के साथ समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्टीय योग दिवस



फतवा समाचार ◈ अमरपाटन

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरपाटन में नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर वन वर्ल्ड, वन हेल्थ थी। जिसके अंतर्गत आयुष मंत्रालय द्वारा जारी निदेर्शानुसार महाविद्यालय मे अधिकारियों, कमार्चारी एवं छात्रों ने कार्यक्रम मे शामिल हो। विभिन्न योगासन जैसे सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, ताड़ासन, प्राणायाम, ध्यान आदि का अभ्यास किया। इसके पहले महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी ने योग के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए योग के विभिन्न लाभो के बारे में बताया एवं विभिन्न योगासन को कैसे किया जाए और उसका हमारे स्वास्थ्य में कितना लाभ होता है के बारे में बताया।

## मतदान केंद्र 243 मन की बात कार्यक्रम संपन्न

फतवा समाचार ◈ अमरपाटन

मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत कर्पवाह कोठार के मतदान केन्द्र कर्पवाह 243 मे प्रधानमन्त्री नारेन्द्र मोदी के निर्देशन में मन की बात कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमनारायण द्विवेदी के साथ बसंत कुमार सिंह पूर्व सरपंच, लक्ष्मी प्रसाद द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, बीएलए युवा मोर्चा लकी पाण्डेय, पुष्पेंद्र नारायण द्विवेदी एवं आयुष तिवारी युवा मोर्चा उपस्थित रहे। सभी नारेन्द्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम को बड़े ध्यान से सुना धन्यवाद ज्ञापित किया।

# निर्माण कार्यों की संभागीय समीक्षा : जिस तरह अपना घर बनाते हैं, उसी तरह शासकीय निर्माण कार्य कराएं: कमिश्नर

फतवा समाचार ◈ रीवा

निर्माण कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने कहा कि निर्माण कार्यों का निर्धारित समय सीमा में पूरा कराना सुनिश्चित करें। समय पर कार्य पूरा न होने से उसकी लागत में वृद्धि होती है। तकनीकी अधिकारी निर्माण कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। निर्माण कार्यों में देरी करने वाले ठेकेदारों पर जुमार्ना लगाने और ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करें। विभागीय अधिकारियों पर भी लापरवाही बरतने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिन कार्यों में भूमि संबंधी कठिनाईयां हैं उन्हें हर सप्ताह कलेक्टर की अध्यक्षता में होने वाली टीएल बैठक में अवगत कराएं। भूमि विवाद हल कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराएं। जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कई कार्य तय सीमा से 40 से 50 माह बाद भी पूरे नहीं हुए। आप जिस तरह अपना घर बनाते हैं। उसी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ शासकीय निर्माण कार्य कराएं। कमिश्नर ने बैठक से अनुपस्थित जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि त्योंथर फ्लो सिंचाई परियोजना का कार्य सितम्बर माह तक हर हाल में पूरा कराएं। नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना क्रमांक एक और दो का कार्य नवम्बर माह तक पूरा कराएं। जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। इसमें विद्युतीकरण संबंधी कार्य प्राथमिकता से कराएं। सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा पृथक से की जाएगी कहा कि भरतपुर-जिगना-भैसरहा मार्ग में स्वीकृत सभी 92 कलवर्ट का कार्य तेजी से पूरा कराएं। इस सड़क का निर्माण कार्य जून 2024 तक पूरा करें। बघवार-तमरा-सीतापुर सड़क के निर्माण में भी तेजी लाएं। बैठक में बताया गया कि मनगवां में बनाए जा रहे ओवरब्रिाज का निर्माण कार्य सितम्बर माह तक पूरा हो जाएगा। कमिश्नर ने हाउसिंग बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि शासकीय आवासों की डिजाइन में परिवर्तन करें। हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाए जा रहे ई टाइप, एफ टाइप व जी टाइप के आवासों में कमरों की साइज बढ़ाएं। सेन्ट्रल लाइब्रोरी के नए भवन, कलेक्ट्रेट के रिकार्ड रूम, मार्तण्ड स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का निर्माण समय-सीमा में पूरा कराएं। बसामन मामा का निर्माण कार्य नवम्बर माह तक पूरा कराएं।

## अंतरराज्यीय बस स्टैंड का कार्य दिसम्बर तक पूरा करें

सतना जिले में स्मार्ट सिटी के तहत बनाए जा रहे अंतरराज्यीय बस स्टैंड का कार्य दिसम्बर तक पूरा कराएं। सिंगरौली और सीधी जिले में बनाए जा रहे उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का कार्य अक्टूबर माह तक पूरा कराएं। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सीधी जिले में चार आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य अप्रारंभ है। इनका निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराएं। संभाग में आजीविका भवनों के निर्माण के लिए प्राप्त राशि जिला पंचायत द्वारा वापस कर दी गई है। जिन स्थानों में आजीविका भवन का निर्माण शुरू हो गया है। उनकी राशि प्राप्त करने के लिए तत्काल प्रस्ताव भेजें। रूरबन मिशन, शिक्षा विभाग की रमसा योजना से स्वीकृत भवनों के कार्य तत्काल शुरू कराएं।

# 'मैं हूं अभिमन्यु' के तहत जागरूकता अभियान में कोटर थाना अब्बल



**श्रीधर सिंह सतना-** हेड क्वार्टर डीएसपी के दिशा निर्देशन थाना प्रभारी कोटर रवीन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में आज नगर परिषद के कोटर बस स्टैण्ड, अबेर बस स्टैण्ड व टिकुरी बस स्टैण्ड में नशा मुक्ति को लेकर अभियान चलाया गया, आम जनमानस समुदाय व यात्रियों को समझाईश देतें हुऐ नशा ना करके वाहन चलाने व नशे से दूर रहने की दी गई हिदायत, इस दौरान थाने का लगभग समस्त बल रहा मौजूद।

### योग दिवस पर शहर में जगह-जगह कार्यक्रम, वोट लब समेत अन्य जगहों पर हुए विशेष कार्यक्रम

# महापौर व कलेटर ने स्कूली बच्चों संग किया योगायास





**भोपाल नप्र।** देश-दुनिया में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आज योगाभ्यास संबंधी विशेष आयोजन किए गए। राजधानी भोपाल में भी आज जगह-जगह योग संबंधी आयोजन किए गए। जिलास्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम सुबह छह बजे महापौर मालती राय और कलेक्टर आशीष सिंह के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुआ।

कार्यक्रम में पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया गया। इसके उपरांत सामान्य योग अभ्यास क्रम सुबह सात बजे से 7.45 बजे तक। इस मौके पर करीब दो हजार विद्यार्थी भी इस सामूहिक योग कार्यक्रम में शामिल हुए। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की इकाई बोट क्लब पर बुधवार को सुबह छह बजे से योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख?या में आम लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ?यास किया। अटल पथ पर भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को बच्चो के साथ योगा कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। इसके साथ ही सभी स्कूल, कालेज, निजी संस्थाओं, आवासीय कॉलोनी में योगा दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों ने भाग लिया। आर्ट आफ लिविंग और आरोग्य भारती संस्था ने संयुक्त योग महोत्सव का आयोजन किया।

सुबह सात से आठ बजे तक आरोग्य भारती केंद्रीय कार्यालय एफ 94/5, तुलसी नगर में योग के कई आसन, प्राणायाम, ध्यान कराया गया और योग साधकों को प्रत्येक आसन का महत्व बताया गया। योग दिवस की पूर्व संध्या पर ब्रह्माकुमारीज सुख शांति भवन, नीलबड़ में पुलिस कमिश्नर कार्यालय की कांस्टेबल महिलाओं तथा जवानों ने योग सीखा।

## हिंदी विश्वविद्यालय मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सुबह समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में योगाभ्यास कराए गए। इस अवसर पर पूर्व कुलपति मोहनलाल छीपा ने अपने उद्बोधन में बताया योग को दुनिया के लिए प्राचीन भारतीय परंपरा के एक अमूल्य उपहार के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि यह मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्ति, मनुष्य और प्रकृति के बीच सद्भाव और स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह केवल एक अभ्यास नहीं है, बल्कि स्वयं, दुनिया और प्रकृति के साथ एकता की भावना की खोज करने की आध्यात्मिक यात्रा है। आभार व्यक्त कुलसचिव यशवंत पटेल ने किया जनसंपर्क पत्रकारिता विभाग डॉक्टर भूपेंद्र एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## कोच फैक्ट्री के कर्मचारियों ने योगा किया



अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के शुभ अवसर पर कोच फैक्ट्री में भी रेल प्रशासन के द्वारा योगा का कार्यक्रम संपन्न करवाया गया जिसमें वर्कशॉप के उप मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अजय कुमार दीक्षित जी की अध्यक्षता में योगा का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें योग गुरु श्री त्यागी जी और श्री अशपाल जी ने कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया तथा कर्मचारियों को रोजाना योगा करने की सलाह दी ताकि सभी का शरीर स्वास्थ्य तथा निरोगी रहे इस शुभ अवसर पर कोच फैक्ट्री के महिला तथा पुरुष कर्मचारी मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन श्री सुधीर जाधव तथा श्री प्रेम अजमेरा जी ने किया साथ ही श्री व्हाई एम गुप्ता जी श्री संजीव अवस्थी कैंटीन सलाहकार समिति के सदस्य श्री राजेंद्र विश्वकर्मा एवं श्री तरुण राय, जगदीश साहू वसुंधरा सुपेकर जी सहित भारी संख्या में वर्कशॉप की महिलाएं और पुरुष कर्मचारियों में योगा किया और अपने दैनिक जीवन में से कुछ समय निकालकर योगा करने की शपथ ली।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती से दुष्कर्म के मामले में साक्ष्य बदलने वाले तीन आरक्षक दोषी

**भोपाल नप्र।** प्रदेश के उज्जैन शहर में युवती से दुष्कर्म के मामले में साक्ष्य बदलने वाले तीन आरक्षकों को कोर्ट ने दोषी मानते हुए तीन साल की सजा सुनाई है। दोषी आरक्षकों पर जिला अस्पताल में दुष्कर्म के मामले में डीएनए सबूत बदलने के आरोप है। आरोपी आरक्षक को बचाने के लिए उसके तीन दोस्तों ने षड़यंत्र रचा था। महिला एसआई व डाक्टर ने पूरा मामला पकड़ लिया था। उप-संचालक अभियोजन डा. साकेत व्यास ने बताया कि 5 दिसंबर 2020 को एक युवती ने पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक अजय अस्तेय के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। युवती ने पुलिस को बताया था कि वह उन्हेल की रहने वाली है। उज्जैन में वह न्यू अशोक नगर कालोनी में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। अजय उसके पड़ोस में रहता था। इसलिए उससे परिचय हो गया। अजय ने शादी का झांसा देकर तीन साल तक उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब भी युवती उससे शादी के लिए कहती तो वह बहाने बनाता। युवती को पता चला कि अजय की सगाई किसी दूसरी लड़की से हो रही तब उसने अजय से शादी करने को कहा था। जिस पर उसने इंकार कर दिया था। मामले में युवती ने एसपी को शिकायत की थी। जांच में आरक्षक दोषी पाया गया था। जिस पर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। मेडिकल के लिए गई महिला एसआई व डाक्टर ने देखा कि अजय के बदले कोई और सैंपल दे रहा है।

### हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी में रखे शव को चूहों ने कुतरा

**भोपाल नप्र।** भोपाल के हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी में रखे एक शव को चुहो द्वारा कुतर दिये जाने की घटना सामने आई है। इसकी जानकारी मंगलवार दोपहर को उस समय लगी, जब मृतक के परिवार वाले पीएम के शव लेने यहॉ पहुंचे। हालत देख कर जब परिजनों ने यहॉ के कर्मचारियो से बातचीत कर आपत्ति जताई तब कर्मचारियो ने लापरवाह तरीके से कहा की यहां तो ऐसा होता रहता है। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने मर्चुरी पर ही हंगामा करना शुरु कर दिया। जानकारी के अनुसार परवलिया में रहने वाले 50 वर्षीय बीआर सिंह का सोमवार को निधन हो गया था। परिवार वालो ने पीएम के लिये शव को रात करीब 7 बजे मर्चुरी में रखवाया था। परिवार वालो का आरोप है कि अगली सुबह देखने पर शव के दोनों कानों से खून बहता नजर आया। इसके बाद जब उन्होनें इसकी शिकायत की तब कर्मचारियो ने लापरवाही से कह दिया की यहॉ ऐसा होता रहता है। मामला बढ़ता देख गुस्साये परिजनो को अधिकारियो ने उचित कार्यवाही का आश्वासन देकर शांत कराया। चूहो द्वारा शव को कुतरने के मामले में गांधी मेडिकल कालेज के डीन डॉ अरविंद राय का कहना है, की कि मामले को गंभीरता से लेते हुए 3 सदस्यीय टीम को जांच का जिम्मा सोपां गया है। डॉ अरविंद ने कहा कि ये मर्चुरी होम डिपार्टमेंट के अंतर्गत आती है। मेडिको लीगल संस्थान के जिम्मे है।

## पार्टी कर लौट रहे युवक बाइक सहित कुएं में गिरे, एक की मौत

**भोपाल नप्र।** रातीबड़ थाना इलाके में बाइक सहित कुएं में गिरने से एक युवक की जान चली गई, वही बाइक पर पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रुप से घायल हो गया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अमला में रहने वाला 30 वर्षीय अनिल सिंह खेती-किसानी करता था। मंगलवार शाम को वो अपने दोस्त जितेंद्र के साथ खजूरी सड़क गया था। यहॉ रहने वाले अनिल के एक रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम था। बताया गया है की दोनो ने रात में जमकर पार्टी की। देर रात दोनो बाइक से वापस अपने गॉव लौट रहे थे। ग्राम सिकंदरा के पास से दोनो अपने ग्राम अमला के लिए मुड़ रहे थे। मोड़ पर उनकी तेज रफ्तार बाइक अचानक बेकाबू होकर खेत में बने एक कुएं की मुंडेर से टकरा गई। मुंडेर से टकराने से बाइक सवार जितेंद्र उछलकर दूसरी तरफ जा गिरा जबकि अनिल बाइक सहित कुएं में गिर गया। इस कुएं में पानी की मोटर लगी थी, बाइक उसकी रस्सी में फसंकर लटक गई, जबकि अनिल बीस फीट गहरे कुएं में जा गिरा। कुएं में करीब 15 फीट पानी भरा था। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग कुंए के पास पहुंचे तो उन्हें कुएं के पास घायल हालत में जितेंद्र पड़ा नजर आया। इसके बाद रहवासियो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल जितेंद्र को अस्पताल भेजते हुए लोगो की मदद से अनिल को पानी से बाहर निकालने के प्रयास शुरु किये। लेकिन जब तक उसे कुंए से बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेजा जहां से बाद में शव परिवार वालो को सौंप दिया गया है। बताया गया है की हादसे के समय दोनो दोस्त नशे की हालत में थे।

## किशोरी को पेट दर्द हुआ तो अस्पताल ले गए, पता चला दुष्कर्म हुआ

**भोपाल नप्र।** राजधानी में 14 वर्षीय पीड़ित किशोरी के साथ चार महीने पहले दुष्कर्म होने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी को पेट दर्द हुआ तो अभिभावक अस्पताल लेकर गए, वहां जांच में पता चला कि किशोरी तो गर्भवती है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जल्द ही पुलिस टीम बैतूल रवाना होगी। यह घटना टीटीनगर इलाके की है, जहां एक नाबालिग रिश्तेदार के घर तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। वहीं उसकी 18 साल के एक युवक से पहचान हो गई। युवक उसे घुमाने के बहाने एक सुनसान जगह पर ले गया। यहां पर उसने डरा-धमकाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। कुछ दिन पहले नाबालिग के पेट में दर्द होने पर उसकी मां उसे डाक्टर के पास ले गई तो पता चला कि वह गर्भवती होने का पता चला। इसके बाद मां ने उससे इस बारे में पूछा, तब नाबालिग ने रोते-रोते उसे पूरी घटना बताई। इस पर उसने स्वजनों के साथ थाने पहुंचकर आरोपित पर एफआईआर दर्ज कराई। आरोपित बैतूल का रहने वाला है। टीटी नगर पुलिस के मुताबिक किशोरी जहांगीराबाद इलाके में रहती है। गत फरवरी के महीने में टीटी नगर इलाके में रहने वाले एक रिश्तेदार की मौत हो गई थी। यहां पर आयोजित तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किशोरी भी अपने स्वजनों के साथ गई थी। वहां पर बैतूल निवासी अंशु पटवा नाम का युवक भी आया था। नाबालिग की युवक से पहचान हो गई। बातचीत होने के बाद अंशु किशोरी को घुमाने के बहाने टीटी नगर दशहरा मैदान में ले गया। यहां पर उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। उसने किशोरी को धमकी दी कि इसके बारे में किसी को बताने पर वह उसे जान से मार देगा।

## डेमू ट्रेन में सवार महिला यात्रियों में विवाद मारपीट, स्टेशन पर अफरातफरी

**भोपाल नप्र।** डेमू ट्रेन में सवार महिला यात्रियों में जमकर विवाद हो गया। इसके बाद विवाद की घटना जल्दी ही मारपीट में तब्दील हो गई। महिलाओं के बीच मारपीट और विवाद के कारण रेलवे स्टेशन पर अफरातफरी का माहौल निर्मित हो गया। इस दौरान महिलाएं व पुरुष शोर भी मचाते रहे, जिससे स्टेशन पर हंगामे की स्थिति बन गई। रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों पक्षों को थाने पर ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन में यात्रियों की बहुत ज्यादा भीड़ थी। जब ट्रेन रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो सीट पर जगह देने की बात को लेकर महिला यात्रियों के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया।इसी बीच उनके अन्य स्वजन भी मौके पर पहुंचे तथा कोच में मारपीट की स्थिति बन गई। ट्रेन के कोच के अंदर ही हाथों से जमकर मारपीट होने लगी।मारपीट के दौरान कोच के अंदर जमकर हंगामा होने लगा तथा कुछ युवक भी विवाद में शामिल हो गए। मारपीट के दौरान कई यात्री वहां से दूर हो गए तो कुछ ट्रेन से नीचे उतर गए। कुछ लोग बीच-बचाव करने लगे, लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। कुछ देर बाद रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवान ट्रेन के उस कोच में पहुंचे तथा विवाद हो रहा था। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने ले जाया गया। थाने ले जाते समय भी हंगामा व शोरगुल होता रहा। पुलिस के अनुसार कुछ लोगों का मेडिकल कराया गया है। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। स्टेशन पर महिलाओं को बीच हाथापाई और मारपीट व हंगामे के लोगों ने वीडिया भी बना लिए। यही वीडियों अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## नारेबाजी करते हुए बैनर पोस्टरों को हटाया, टाकीज पर ताला जड़ा

**भोपाल नप्र।** प्रदेश के अशोकनगर जिले में युवाओं ने आदिपुरुष फिल्म का विरोध किया। विरोध के क्रम में युवाओं ने मुंडन कराया, विवेक टाकीज में फिल्म के पोस्टर फाड दिए, इतना ही नहीं, टाकीज पर ताला भी जड दिया। युवाओं ने यह विरोध प्रदर्शन सोमवार की शाम को किया, जब टाकीज में आखिरी शो के लिए दर्शकों का आना शुरू हो गया था तभी युवाओं ने पहुंचकर वहां नारेबाजी करते हुए बैनर पोस्टरों को हटाना शुरू कर दिया। विरोध प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने टाकीज में टिकिट लेकर बैठे दर्शकों के हाथ जोड़कर उनको वापस कराया और फिर टाकीज पर ताला जड़ दिया। मंगलवार को भी टाकीज में आदिपुरुष के सभी शो बंद रहे। प्रदेश में वैसे तो आदिपुरुष फिल्म अधिकांश शहरों के टाकीजों में लग चुकी है, लेकिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को लेकर जिस तरह से फिल्म बनाई है उसका सनातनी समाज में विरोध होना शुरू हो गया है। इस विरोध की चिंगारी सोमवार को अशोकनगर टाकीज में उठते हुए देखी गई जब करीब आधा सैकड़ा से अधिक युवा जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा बबलू यादव के नेतृत्व में विवेक टाकीज पहुंचे। जहां आखिरी शो शुरू होने से पहले पहुंचकर नारेबाजी करते हुए युवाओं ने फिल्म के पोस्टर बैनर हटा दिए। इसके बाद अंदर जो दर्शक आ चुके थे उनके हाथ जोड़कर जो टिकिट खरीदे उनको वापस कराए। फिर टाकीज प्रबंधन को इस फिल्म को न दिखाने की अपील करते हुए टाकीज के मेन गेट पर ताला जड़ दिया।

## बजरंग सेना ने फूंका मनोज मुंतशिर का पुतला, दी मुंह काला करने की धमकी



**भोपाल नप्र।** रिलीज के साथ ही विवादों में घिरी कंट्रोवर्शियल फिल्म आदिपुरुष को लेकर जहॉ पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। वहीं अब हिन्दूवादी संगठनों ने भी सोशल मीडिया के साथ-साथ सड़को पर उतरते हुए अपना आक्रोश जताया है। कांग्रेस के साथ हिंदूवादी संगठन ने भी फिल्म को बैन करने की मांग की है। भोपाल के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर कांग्रेस के हिंदूवादी संगठन बजरंग सेना के कार्यकर्ताओ ने लेखक मनोज मुंतशिर के पुतले पर कालिख पोत कर नारेबाजी करते हुए उसका पुतला दहन किया।

बजरंग सेना के पदाधिकारियों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि लेखक मनोज मुंतशिर ने जिस तरह के डायलॉग फिल्मों में लिखे हैं, उससे हिंदू धर्म की आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने मांग कि के तत्काल राज्य और केंद्र सरकार फिल्म पर बैन लगा कर मनोज मुंतशिर शुक्ला के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उसे पाकिस्तान भेजे। साथ ही संगठन के पदाधिकारियो ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही फिल्म को भोपाल में बैन नहीं किया गया तो वह थिएटर जाकर उसे बंद करवाएंगे। इतना ही नहीं संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता पीएम नरेंद्र मोदी के भोपाल प्रवास के दौरान उन्हें काले झंडे दिखाएगे। और जब भी मनोज मुंतशिर शुक्ला भोपाल आएगा उसका मुंह काला करने का काम हम करेंगे। इस मौके पर रघुनंदन शर्मा, पूर्व संयोजक बजरंग सेना, अमरीश रॉय, प्रदेश अध्यक्ष बजरंग सेना, रणवीर पटेरिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सेना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## धोखाधड़ी पीड़ितों को राशि वापस मिले - एसीएस डॉ. राजौरा

## कानून प्रवर्तन एजेंसियों की राज्य-स्तरीय समन्वय समिति की बैठक



**भोपाल नप्र।** अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने धोखाधड़ी पीड़ितों को राशि वापस दिलाने के लिये सभी आवश्यक प्रबंध करने को कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की स्पष्ट मंशा है कि जिन लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई है, जिन्हें आर्थिक नुकसान पहुँचा है, उन्हें नुकसान की राशि वापस दिलाई जाये। एसीएस डॉ. राजौरा कानून प्रवर्तन एजेंसियों की राज्य-स्तरीय समन्वय समिति की 16वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

एसीएस डॉ. राजौरा ने कहा कि जन-सामान्य के साथ धोखाधड़ी करने वालों को बिलकुल भी रियायत नहीं दी जा सकती। इस प्रकार की संस्थाओं या व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाकर राशि वसूल की जाये और धोखाधड़ी पीड़ितों को लौटाई जाये।

डॉ. राजौरा ने कहा कि धोखाधड़ी से बचने के लिये आमजन को विभिन्न माध्यम से जागरूक करने के लिये सघन अभियान चलाया जाये। अभियान निरंतर चले, जिससे कि जनता को लालच से बचाने में मदद हो और जनता धोखाधड़ी करने वालों के चंगुल से बच सके। इसके लिए सोशल मीडिया केम्पेन को अधिक से अधिक प्रभावी बनाया जाये। बैठक में विभिन्न एजेंसियों ने जनता से की गई धोखाधड़ी के संबंध में की गई कार्यवाहियों की जानकारी दी।

आयुक्त संस्थागत वित्त श्री भास्कर लाक्षाकार, निदेशक अभियोजन श्री राजेश चावला, आरबीआई की डीजीएम जया पी. नाईक सहित सीआईडी, ईओडब्ल्यू, सायबर सेल एवं विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी मौजूद थे।



### पत्रकारिता विश्वविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

भोपाल नप्र। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी स्थित माखनपुरम कैंपस के संदीपनी ध्यान केंद्र में विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने इसमें भाग लिया । सुश्री आरती शर्मा ने योग की महा बताते हुए ध्यान, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रांमरी, एवं विभिन्न आसनों को करवाया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ) अविनाश वाजपेयी ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत ही आवश्यक है । उन्होंने कहा कि नियमित रुप से योग करने से हमारे शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है, साथ ही कई बीमारियां भी नहीं होती हैं।

## कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन, गैस की टंकी पर बैठकर कांग्रेसियों ने किया योगा



**भोपाल।** नोवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मध्यप्रदेश में सियासत का रंग भी चढ़ा नजर आया। कांग्रेस ने योग दिवस के मौके पर अनूठे अंदाज में प्रदर्शन कर केंद्र और राज्य सरकार पर हमला बोला। योग दिवस के दिन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने कांग्रेसियों ने हाथों में तख्तियां और गैस सिलेंडर पर बैठकर बढ़ती हुई महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। इस बीच कांग्रेस प्रवक्ता विक्की खोंगल गैस की टंकी पर बैठकर योगा करते हुए नजर आए तो वहीं अन्य कांग्रेस नेताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर योगा किया। कांग्रेस नेताओ ने कहा कि मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार का योगा चल रहा है, मध्यप्रदेश में व्यापम घोटाले से लेकर बड़े-बड़े घोटाले हुए हैं, जिसमें प्रदेश सरकार की नाकामियों को हम आज बता रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव बरोलिया ने कहा कि बीते 18 सालों की निष्क्रिय सरकार ने महाकाल तक को नहीं छोड़ा और महाकाल लोक में भी घोटाला किया। उसको लेकर हमने आज सांकेतिक प्रदर्शन करतेह हुए घोटाले के खिलाफ हमने आवाज उठाते हुए आमजन को यह संदेश दिया है, कि प्रदेश की घोटालों वाली सरकार सोई हुई है। यह सरकार अपनी नींद से जागे। बरोलिया ने आगे कहा कि आज महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता परेशान है, लेकिन सरकार को उनकी कोई फिक्र नहीं है, हमारी मांग है की बढ़ती महंगाई से जनता की सुध लेते हुए सरकार जल्द ही उन्हें इससे राहत दिलाये।



# कांग्रेस आलाकमान ने मप्र के नेताओं को दी हिदायत दिल्ली की दौड़ लगाने की बजाय चुनाव पर फोकस करें

**भोपाल नप्र।** मप्र में जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता जा रहा है, टिकट के दावेदारों की दौड़ तेज होती जा रही है। खासकर कांग्रेस के नेता टिकट के लिए सबसे अधिक मारामारी कर रहे हैं। टिकट के दावेदार भोपाल से लेकर दिल्ली तक दौड़ लगा रहे हैं।

जिस समय नेताओं को अपने क्षेत्र में होना चाहिए तब अधिकांश नेता भोपाल या दिल्ली की दौड़ लगा रहे हैं। इसको देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने नेताओं को हिदायत दी है कि वे अपने क्षेत्र में चुनाव पर फोकस करें। दरअसल, दिल्ली में मप्र के नेता डेरा डाले हुए हैं, जहां एआईसीसी में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल से कांग्रेस के 24 अकबर रोड दफ्तर में मिल रहे हैं, लेकिन दिल्ली के नेता मुलाकात करने वालों से दिल्ली दौड़ के बजाए चुनाव पर फोकस करने को कह रहे हैं। नई दिल्ली में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खडगे से मिले और प्रदेश के राजनीतिक हालातों पर चर्चा की। खडगे ने यादव से चुनाव पर फोकस करने को कहा है। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल भी दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं, जहां वे बड़े नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। वहीं इंदौर, भोपाल और खंडवा जिले के अध्यक्ष की नियुक्त का मामला दिल्ली पहुंच गया है। इन जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति संबंधी मामले को केसी वेणुगोपाल को सौंप दिया गया है, जो जल्द ही निर्णय लेंगे। भोपाल जिलाध्यक्ष के मामले में सभी पहलुओं पर विचार किया।

# सैफ कपः भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया, कप्तान सुनील छेत्री ने लगाई हैट्रिक




**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ने साउथ एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) कप में बुधवार को पाकिस्तान को करारी हार शिकस्त दी। बैंगलोर के कांतीरवा स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-ए के मैच में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से शिकस्त दी है। मुकाबले में भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक जमाई। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में शानदार शुरूआत की है। भारतीय टीम शनिवार 24 जून को अपने दूसरे मैच में नेपाल से भिड़ेगी। इस मुकाबले में भारतीय टीम का पहला गोल 10वें मिनट में आया। कप्तान सुनील छेत्री ने यह गोल दागा। इसके बाद कप्तान छेत्री ने 16वें मिनट में एक और गोल किया। भारतीय टीम ने 2-0 से बढ़त बना ली। इसके बाद भी भारतीय टीम ने पाकिस्तान पर दबदबा कायम रखा। हाफटाइम तक भारत का स्कोर 2-0 से आगे रहा। दूसरे हाफ



में भी भारतीय टीम शुरूआत से ही आक्रामक रही। 73वें मिनट में कप्तान छेत्री ने हैट्रिक लगाकर भारत का स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद उदांता सिंह ने 81वें मिनट में गोल कर भारत का स्कोर 4-0 कर दिया। खेल समाप्त होने तक पाकिस्तान का कोई खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। भारत ने यह मुकाबला 4-0 से अपने नाम कर लिया। मैच के बाद भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरूआत करके हम बहुत खुश हैं। बारिश की ऐसी परिस्थितियों में मैच खेलना आसान नहीं होता है, इसलिए मैं बहुत खुश हूं।

## बैडमिंटन : उप्र के वैश्विक ने आंध्र के सिद्धार्थ को दी मात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ द्वारा योनेक्स सनराईज ऑल इंडिया सब जूनियर रैकिंग बैडमिंटन टूनार्मेंट (अंडर-15 व अंडर-17) में बुधवार को दो सौ से ज्यादा प्रतियोगिताएं हुईं। खिलाड़ियों ने जमकर प्रतिभाएं दिखाईं और अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। यूपी के वैश्विक राज ने आंध्र प्रदेश के सिद्धार्थ वसु को सीधे सेटों में मात दे दी। वहीं पं. बंगाल के रुपम मजूमदार ने पंजाब के धीरेन शर्मा को हराया। सुबह से तीन स्टेडियमों में चल रहे बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों में जमकर उत्साह दिखाया। इस प्रतियोगिता में पंश्चिम बंगाल के रूपम मजूमदार ने पंजाब के धीरेन शर्मा को 15-8, 15-5 से मात दे दी। महाराष्ट्र के अर्जुन देशपांडे ने केरल के आथिश श्रीनिवास को 18-16, 11-15, 15-7 से हरा दिया। दिल्ली के प्रसिद्धी गुप्ता ने आसाम के लियाना दत्ता को 14-16, 15-8, 15-2 से हरा दिया। वहीं छत्तीसगढ़ के दिव्यांश अग्रवाल ने आंध्र प्रदेश के लोहित को सीधे सेटों में 15-4, 15-8 हरा दिया। वहीं हरियाणा के आदित्य ने दिल्ली के सक्षम को 11-15, 15-9, 15-12 हरा दिया। वहीं पराग सिंह ने यूपी अरगम मेहरोत्रा 15-12, 15-6 से हराया।

## इंडिया ओपन कराटे : आर.बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण सहित जीते 11 पदक



**वाराणसी।** नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 17-18 जून 2023 को आयोजित इंडिया ओपन अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में वाराणसी स्थित आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण सहित 11 पदक जीते। इस प्रतियोगिता में नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश सहित 15 देशों से लगभग 2000 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के कोच अरविंद ने बताया कि प्रतियोगिता में अकादमी के 13 खिलाड़ियों ने जापान शोतोकान कराटे डो कानीनजुकु आगेर्नाईजेशन उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग किया था। इनमें से 11 खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक जीता। सूर्यांश सहगल, वेदान्त मिश्रा, देवेंद्र राय और शिवेश शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता।

## वीरेंद्र सहवाग, प्रज्ञान ओझा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटरों वीरेंद्र सहवाग और प्रज्ञान ओझा ने बुधवार को अपने अनोखे तरीके से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज सहवाग, ने शीर्षासन करते हुए सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो पोस्ट किया और लिखा, आप सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं। सहवाग के साथ, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और उनके साथी प्रज्ञान ओझा ने इंस्टाग्राम पर योग करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग का व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। अपनी पोस्ट में, उन्होंने लिखा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं! इस प्राचीन अभ्यास को अपनाने से शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा मिलता है, सद्भाव और आंतरिक शांति को बढ़ावा मिलता है। आइए योग की शक्ति का उपयोग करके माइंडफुलनेस पैदा करने, तनाव कम करने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए एकजुट हों। हर साल 21 जून को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह योग के असंख्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की अवधारणा को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान पेश किया था। तब से, योग ने लचीलेपन, शक्ति, संतुलन और समग्र फिटनेस को बढ़ाने की अपनी क्षमता के कारण दुनिया भर में भारी लोकप्रियता हासिल की है। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' यानी 'एक विश्व-एक परिवार' के रूप में सभी के कल्याण के लिए योग है। यह योग की भावना पर जोर देता है, जो सबको साथ लेकर चलती है।

# भारत ने जीता पहला एमर्जिंग विमेंस एशिया कप

**हॉन्ग कॉन्ग।** इंडिया विमेंस क्रिकेट टीम ने पहला एमर्जिंग एशिया कप जीत लिया है। टीम ने हॉन्ग कॉन्ग में खेले गए फाइनल में बांग्लादेश-ए को 31 रन से हारकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारत की ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल ने 4 विकेट लिए। पहली पारी में वृंदा दिनेश ने 36 और कनिका आहूजा ने 30 रन बनाए। आहूजा ने दूसरी पारी में 2 विकेट भी लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। मॉन्ग कॉक के मैदान पर टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में 96 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम इंडिया ने इससे पहले ग्रुप स्टेज में एक ही मुकाबला जीता था, सेमीफाइनल समेत टीम के बाकी मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे थे। लेकिन टीम ने फाइनल जीता और ट्रॉफी उठाई। इस ट्रॉफी से पहले भारत ने इसी साल फरवरी में अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप भी जीता था। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी भारत की शुरूआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में ही कप्तान श्वेता सेहरावत का विकेट गंवा दिया। श्वेता 20 बॉल पर 13 रन ही बना सकीं। उनके बाद वृंदा ने उमा छेत्री के साथ पारी आगे बढ़ाई, लेकिन उमा भी 22 रन बनाकर आउट हो गईं। वृंदा ने 36 रन



बनाए और एक एंड से स्कोर बनाना जारी रखा, उन्हें कनिका आहूजा का साथ मिला। कनिका 23 बॉल में 30 रन बनाकर नॉटआउट रहीं और टीम का स्कोर 127 तक पहुंचाया। बाकी बैटर्स में गोंगडी त्रिषा 4, सौम्या तिवारी 3, श्रेयांका पाटिल 0, काश्वी गौतम 2 और तितास साधू 8 ही रन बना सकीं। 128 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही। टीम ने 19 रन पर ही दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए, दोनों विकेट स्पिनर मन्नत कश्यप ने लिए। सहाती रानी 13 और दिलारा अख्तर 5 रन ही बना सकीं। भारत की गेंदबाजों ने बांग्लादेश को लगातार झटके दिए। श्रेयांका पाटिल ने 4, कनिका आहूजा ने 2 और मन्नत कश्यप ने 3 विकेट लिए। तेज गेंदबाज तितास साधू ने बांग्लादेश की आखिरी बैटर संजिदा अख्तर को कैच आउट कराकर टीम को 96 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश से रानी के अलावा शोभना मोस्तरी ने 16 और नाहिदा अख्तर ने 17 रन बनाए। इनके अलावा बाकी बैटर्स में लता मोंडल ने 4, मुर्शिदा खातून ने 1, शोरना अख्तर ने 9, राबेया खान ने 6, सुल्ताना खातुन ने 4, मारुफा अख्तर ने 3 और संजिदा अख्तर ने 2 रन बनाए।

## टीम इंडिया में धोनी की वापसी तय, वर्ल्ड कप से पहले बीसीसीआई का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** इसी साल अक्टूबर-नंवबर में होने वाला वर्ल्ड कप टीम इंडिया के लिए बेहद अहम है। पिछले 10 साल से भारत ने कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है। पिछली बार जब भारत ने आईसीसी खिताब जीता था वो साल 2013 था। तब टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। उसके बाद से भारत ने 9 बार क्ळउ टूर्नामेंट खेला है जिसमे एक बार भी जीत हासिल नहीं कर पाया है। इस दौरान टीम ने 4 फाइनल और 4 सेमीफाइनल खेले हैं। ऐसे में सवाल ये उठता है कि अब वो कौन है जो टीम इंडिया को जीत दिला सकता है। जब भारत ने आखिरी बार आईसीसी ट्रॉफी जीती तब टीम की कमान महेंद्र सिंह धोनी (टर उँक्ष्ल्ल) के हाथ में थी। तो काफी फैंस ये डिमांड कर रहे थे कि टीम में धोनी की वापसी होनी चाहिए, बतौर खिलाड़ी नहीं बतौर कोच या मेंटॉर। तो अब शायद उन फैंस को खुशखबरी मिल सकती है।



दरअसल, टीम मेनेजमेंट महेंद्र सिंह धोनी को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती है। मीडिया रिपॉर्ट्स की माने तो वर्ल्ड कप 2023 के लिए के लिए धोनी को टीम इंडिया का मेंटॉर बनाया जा सकता है। ये खबर सुनकर सोशल मीडिया पर धोनी के फैंस खुश होते दिखाई दे रहे हैं। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 आईसीसी खिताब अपने नाम किए थे। इसमे 2007 का टी-20 वर्ल्ड कप, 2011 का वनडे वर्ल्ड कप और 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी शामिल है।

## 21 जुलाई को इंटर मियामी के लिए डेब्यू कर सकते हैं मेसी

**मियामी** । दो सप्ताह पहले फ्रांस के पैरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब का दामन छोड़ने वाले लियोनेल मेसी 21 जुलाई को मेक्सिको के क्रूज अजुल के खिलाफ लीग्स कप मैच में इंटर मियामी के लिए डेब्यू कर सकते हैं। अमेरिकी मेजर लीग क्लब के सह-मालिक जॉर्ज मास ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मेसी ने आठ मई को पीएसजी छोड़ने के बाद इंटर मियामी से जुड़ने की घोषणा की थी, जिसका आंशिक मालिकाना अधिकार इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड बेकहम के पास भी है।

पिछले साल अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप जिताने वाले 35 वर्षीय फॉरवर्ड का पहला मैच फोर्ट लॉडरडेल के डीआरवी पीएनके स्टेडियम में खेला जाएगा, जो अपनी क्षमता बढ़ाने और सुरक्षा में सुधार के लिये



पुनर्विकास कार्य के दौर से गुजर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मेसी ने इंटर मियामी के साथ ढाई साल का अनुबंध किया है। वह कथित तौर पर एक वर्ष में पांच से छह करोड़ अमेरिकी डॉलर कमायेंगे। जॉर्ज ने कहा कि मेसी का आगमन अमेरिका में फुटबॉल को हमेशा के लिये बदल देगा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हम जब भी अमेरिका में खेल के बारे में बात करेंगे तो मेसी के पहले और बाद का दौर अलग-अलग होगा। मेरा बहुत, बहुत दृढ़ विश्वास है कि हम उत्तरी अमेरिका और अमेरिका में सबसे बड़ी लीग नहीं तो दुनिया की शीर्ष दो लीगों में से एक तो बना ही सकते हैं। मैं इस घोषणा पर इससे ज्यादा जोर नहीं दे सकता।'

## निर्यात बढ़ाने के लिए संभाग एवं जिला स्तर पर कैम्पेन चलायेगा आरईपीसी- राजीव अरोड़ा

**जयपुर।** राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) बोर्ड की बैठक बुधवार को उद्योग भवन में आयोजित की गई। आरईपीसी एवं राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड की बैठक में अनेक अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राजीव अरोड़ा ने कहा कि जोधपुर में मार्च में राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो के सफल आयोजन को देखते हुए जोधपुर में विश्वस्तरीय कन्वेंशन एवं एक्जीबिशन सेंटर बनाने की घोषणा की थी। बोर्ड की बैठक में कन्वेंशन एवं एक्जीबिशन सेंटर बनाने पर चर्चा की गई। इसके लिए विश्व की प्रमुख कम्पनियों में से किसी एक का चुनाव कर उनसे कन्वेंशन सेंटर के निमार्ण की व्यवहार्यता के लिए सुझाव लिये जाएंगे। राजीव अरोड़ा ने बताया कि आरईपीसी में नये सदस्यों को जोड़ने और इससे मिलने वाले लाभ को प्रत्येक सम्भाग एवं जिले के निर्यातकों तक पहुंचाने के लिए आरईपीसी संभाग एवं जिला स्तर पर कैम्पेन चलाये जायेंगे। आगामी दो




वर्षों में राजस्थान से निर्यात एक लाख करोड़ रूपयों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। वर्तमान में आरईपीसी के सदस्यों की संख्या को बढ़ाने के लिए आरईपीसी द्वारा स्पेशल इकनोमिक जोन, सीतापुरा सेज-1, सेज-2, महिंद्रा सेज में 15 दिन की मुहिम चलाई जाएगी। अरोड़ा ने आगे बताया कि हमारी मिशन निर्यातक बानो पॉलिसी व आर ई पी सी के सदस्यों को सब्सिडी दी जाती है। इसके तहत ईस्ट अफ्रीका के केन्या में आयोजित होने वाले एक्सपो में भाग लेने वाले राजस्थान के निर्यातकों को स्टाल्स के लिए सब्सिडी दी जायेगी और वहां जाने वाले डेलिगेशन को भी सहयोग प्रस्तावित है। इसके अलावा आरईपीसी का नया ऑफिस उद्योग भवन के तीसरी मंजिल पर डीजीएफटी कार्यालय के स्थान पर बनाया जायेगा। इसके बाद एक्सपोर्टर्स हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जायेगा। जिससे राजस्थान के निर्यातकों को निर्यात संबंधी सभी आवश्यक जानकारी दी जाएगी। बोर्ड मीटिंग में इंजिनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा प्रस्तावित एक्सपो और एग्रो एक्सपो पर भी चर्चा की गई। राजस्थान से मारीशस में निर्यात बढ़ाने के एक प्रस्ताव पर विचार किया गया।

**पेरिस शिखर सम्मेलन**

## सीतारमण पेरिस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस रवाना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण न्यू ग्लोबल फाइनेंसिंग पैक्ट पर 22-23 जून को आयोजित होने वाले पेरिस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस के दौरे पर बुधवार को रवाना हुईं। वित्त मंत्रालय ने ट्विट कर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ह्यन्यू ग्लोबल फाइनेंसिंग पैक्टह्न शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। 22-23 जून हो होने वाले इस शिखर सम्मेलन के मौके पर सीतारमण अपने समकक्षों के साथ



बहुपक्षीय और द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगी। इस सम्मेलन का सह-आयोजन फ्रांस, बारबाडोस और भारत ने किया है। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संकट और विकास की चुनौतियों का समाधान करने के लिए ब्रेटन वुड्स प्रणाली से इतर एक नई वैश्विक वित्त पोषण संरचना की नींव रखना है

**खरीद-फरोख्त**

## एलआईसी ने एनएमडीसी में दो फीसदी हिस्सेदारी 649 करोड़ रुपये में बेची

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) में अपनी दो फीसदी हिस्सेदारी करीब 649 करोड़ रुपये में बेच दी है। एलआईसी ने शेयर बाजार को बुधवार को बताया कि उसने खुले बाजार में लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी के अपने 6.06 करोड़ शेयरों को बेच दिया है, जो 2.07 फीसदी के बराबर है। एनएमडीसी के शेयरों की यह बिक्री 14 मार्च से 20 जून के दौरान की है। एनएमडीसी के शेयरों की यह बिक्री 107.59 रुपये प्रति शेयर के औसत भाव पर हुई है, जिससे एलआईसी




को करीब 649 करोड़ रुपये मिलेंगे। इस बिक्री के बाद एनएमडीसी में एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर अब 9.62 फीसदी रह गई है। उल्लेखनीय है कि बीते एक साल में एलआईसी का शेयर एक बार भी 949 रुपये के निर्गम मूल्य से आगे नहीं निकल पाया है।\

**शेयर बाजार में तेजी का रुख**

## ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड पर पहुंचा सेंसेक्स

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट के सुस्त संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। पहले घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स ने आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना दिया। इसी तरह निफ्टी भी अपने ऑल टाइम हाई के काफी करीब पहुंचकर कारोबार कर रहा है। पहले 1 घंटे के कारोबार में सेंसेक्स 0.37 प्रतिशत और निफ्टी 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स और निफ्टी पिछले कई दिनों से ऑल टाइम हाई के करीब पहुंच रहे थे, लेकिन आज विश्व योग दिवस के मौके पर सेंसेक्स ने ऑल टाइम हाई के पुराने रिकॉर्ड से ऊपर जाने में सफलता



हासिल कर ली। आपको बता दें कि लंबे समय तक दबाव का सामना करने के बाद इस साल 28 मार्च के बाद से ही घरेलू शेयर बाजार में कारोबार का ट्रेंड बदला था और मंदड़ियों की जगह तेजड़िए बाजार पर हावी होते नजर आने लगे थे।

# प्रधानमंत्री ड्यूटी में तैनात होने वाले सभी को कराना होगा कोरोना टेस्ट

फतवा समाचार ◈ शहडोल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों का कोरोना टेस्ट अनिवार्य किया है। प्रधानमंत्री के नजदीक जिन अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती होगी, उनकी कोरोना जांच ही तय करेगी कि वो ड्यूटी करेंगे या नहीं। अपर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने आदेश जारी कर कहा कि 27 जून को प्रधानमंत्री का शहडोल जिले के तहसील बुढार स्थित ग्राम लालपुर एवं ग्राम पकरिया (जल्दी टोला) में कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए इस कार्यालय के जारी आदेश से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी कार्यक्रम स्थल पर लगाई है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे पीएम मोदी के आगमन के पूर्व ही 25 जून तक आवश्यक रूप से अपना कोविड-19 टेस्ट कराना सुनिश्चित करें। कोविड-19 टेस्ट रिपोर्ट अपने पास ही रखें। आवश्यकता पड़ने पर उनके जांच रिपोर्ट का परीक्षण कराया जाएगा।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी में जुटे अधिकारीःकमिश्नर, एडीजीपी , डीएम और एसपी ने सभा स्थल लालपुर हवाई पट्टी और पकरिया गांव का किया दौरा



संभागायुक्त राजीव शर्मा और एडीजी डीसी सागर के साथ जिले की कलेक्टर वंदना वैद्य, एसपी कुमार प्रतीक सहित जिले के अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पकरिया आगमन के स्थल का मौका मुआयना किया व विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर ने मुख्य मंच व डी सहित जनसामान्य की बैठक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और सभी व्यवस्थाएं चाक-चैबंद व सुचारु रूप से बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने बगीचे का भी मौका मुआयना किया जहां पर प्रधानमंत्री स्व-सहायता समूह की महिलाओं, खिलाडियों व अन्य हितग्राहियों से संवाद करेंगे। वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के समुचित निर्देश आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर अर्पित वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांषु चंद्र, वनमंडल अधिकारी सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी भवन की गुणवत्ता की हो जांच

## कलेक्टकर साहब देखिए ठेकेदार की मनमानी कैसी

फतवा समाचार ◈ राजेन्द्रग्राम।

तहसील मुख्यालय पुष्पराजगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत जरही में बन रही आंगनबाडी भवन निर्माण में गुडवत्ताविहीन बनाया जा रहा है। जिसमें ठेकेदर की मनमानी यह है कि 8 तगाडी रेता और 1 तगाडी सिमेंट डालकर भवन की गुडवत्ता बिहीन भवन बनाया जा रहा है।

**नहीं होती पानी का छिड़काव :** निर्माण कार्य पर लगे मजदूरो द्वारा बताया गया है कि हम लोग पानी छिडकाव के लिए बोलते है लेकिन हमारा बात एक नहीं मना जाता है जबकि सिमेंट वाली ईंट से भवन का जुडाई किया जा रहा है। वहीं ठेकेदार अपना जेब गर्म करने के चक्कर में पानी का छिडकाव नहीं करा रहा है जिससे भवन की मजबूती पकड कब बनी हुई है। वहीं ठेकेदार द्वारा घटीया सिमेंट व डेस्ट का प्रयोग करा रहा है जिसकी वजह से गुडवत्ताबिहीन बन रही भवन पर इंजीनियर व प्रशासनिक अधिकारीयों द्वारा आंगनबाडी भवन निर्माण के तरफ मुक दर्शन बैठे देख रहे है। एक तरफ सरकार नन्हे मुन्ने बच्चों को पढाई व खेलकूद मे परेशानी न हो करके गांव गांव में आंगन बांडी केन्द्र खोल रखा है। इसके बावजूद भी सरकार के लखों का बंदरबाट कर लीपा पोती कर अपना जेब गर्म करने में लगे हुए है।जब ठेकेदार से बात करना चाहा तो उनके द्वारा फोन रिसिव नहीं किया गया ।



### मजदूरों की सुक्षार्थ ब्यवस्था खाली

जब हमारे टीम द्वारा मदूरों से पूंछ तांछ किया गया कि आप लोगों को भवन निर्माण सुरक्षा के लिए कुछ दिया गया है या नहीं तो मजदूरो ने बताया कि हम लोगों सुरक्षा के लिए कुछ नहीं दिया गया है। जबकि नियमानुसार मजदूरों के सिर बचाने हेतु मैन हेल्मट व दस्ताना एवं गंबूट की ब्यस्था होना अनिर्वाय होता है किन्तु ठेकेदार अपने आप में मस्त है अगर उपर नीचे ईंटा ले जाते ऊपर गिर जाता है और सिर में चोट आ जाए तो कौन होगा जिम्मेदार। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा आंगनबांडी भवन में घटीया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है यह गलत है। सिमेंट ,बहुत हल्की वाला लगा रहा है और बिल बडी लंबी सिमेंट का लगता है आएसा क्यों। प्रशासनिक अधिकारियों से ग्रामीणों ने मांग की है कि भवन का जांचकर अच्छा गुणवत्ता भवन बनाए जिससे वर्षो-वर्षो तक भवन की मजबूती बना रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : अमरकंटक की सुन्दर वादियों में योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फतवा समाचार ◈ अनूपपुर



राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक प्राचीन मंदिर समूह अमरकंटक में अंतर्राष्टीय योग दिवस 2023 पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं जिला पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद अनूपपुर द्वारा संयुक्त रूप से वसुदेव कुटुंबकम के लिए योग की थीम पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यटन स्थल अमरकंटक की सुन्दर वादियों और प्राकृतिक सुन्दरता एवं औषधीय उपलब्धता के कारण यह स्थान पर्यटकों से हमेशा भरा रहता है। सदियों से साधू संत यहाँ योग साधना करने आते रहे हैं, अमरकंटक में स्थित पर्यटन विभाग के होटल हॉलिडे होम्स में योगाभ्यास एवं पंचकर्म की सुविधा पर्यटकों हेतु उपलब्ध है `इस कार्यक्रम में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से वरिष्ठ संरक्षण सहायक दीक्षांत चवारे एवं संरक्षण सहायक इरशाद अहमद उपस्थित रहे साथ ही आयुष विभाग के कर्मचारी/अधिकारी एवं जिला पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद अनूपपुर के सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रही महिलाओं सहित जिले के अन्य युवाओं समेत कुल 2 दर्जन से अधिक लोगों ने योग प्राणायाम कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जनसुनवाई में आए 183 आवेदनः कलेक्टर ने शिकायतें सुन दिए निराकरण के निर्देश

रीवा। रीवा कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। यहां 183 आवेदक शिकायत लेकर पहुंचे। ऐसे में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने प्राप्त आवेदनों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री और डिप्टी कलेक्टर संजीव पाण्डेय ने भी जनसुनवाई में आवेदनों की सुनवाई की। जनसुनवाई में सबसे ज्यादा शिकायतें सीमांकन की आई। इसी तहर रास्ता खुलवाने, हैण्डपंप लगवाने, अतिक्रमण हटाने संबंधी आवेदन आए। ग्राम खपरिहा के धानेन्द्र कुमार दुबे ने आवेदन दिया। कहा कि उनकी चाची उर्मिला दुबे की मृत्यु के पश्चात खाते में किसान सम्मान निधि की राशि आई। राशि चाची के मृत्यु के पश्चात प्राप्त हुई। इस कारण बैंक द्वारा खाते से सभी प्रकार के भुगतान बंद कर दिए है। ऐसे में किसान निधि पुनः शासन के खाते में वापस भेजी जाए। कलेक्टर ने भू-अभिलेख अधीक्षक को प्रकरण निराकरण करने के निर्देश दिये। सेमरिया के कुशवार ग्राम की कुसुमकली ने आवेदन दिया। कहा कि उनके स्वामित्व की आराजी नंबर 503/2 रकवा 0.222 है। पटवारी उक्त स्वामित्व की भूमि का खसरे में इंट्री नहीं कर रहा है। जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

# एमबी पावर परिसर में आयोजित योग शिविर ने सिखाया स्वस्थ जीवन का सूत्र



फतवा समाचार ◈ जैतहरी

तन, मन और मस्तिष्क के बीच संतुलित समन्वय के संदेश को समर्पित 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एमबी पावर परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। पतंजलि योगपीठ से प्रशिक्षित योगिनी आचार्या सुधा मालवीय, उनकी सहयोगी वंदना जैन, निर्मला मिश्रा एवं समस्त टीम के मार्गदर्शन में आयोजित योग शिविर में परिसरवासियों ने प्लांट हेड एवं सीओओ बसंता कुमार मिश्रा के नेतृत्व में उत्साहित भागीदारी निभाई। इस शिविर में कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग के प्रमुख आरके खटाना ने योगाचार्य और उनकी टीम के सदस्यों का परिचय कराते हुए योग दिवस की वैश्विक महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बसंता कुमार मिश्रा ने कहा कि सनातन काल से योग हमारे शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य का प्रहरी रहा है। आचार्या सुधा मालवीय ने योग को निरोग जीवन की कुंजी करार दिया। शिविर के सहभागियों को शरीर के विभिन्न अंगों को लाभ पहुंचाने वाले आसनों, मुद्राओं, भंगिमाओं का अभ्यास कराया गया। शिविर के सहभागियों ने भस्त्रिका, कपालभाति, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम आदि जैसे उपयोगी आसनों और मुद्राओं का अभ्यास कर इस शिविर से संतुलित स्वस्थ जीवन का संदेश प्राप्त किया। आचार्या ने विभिन्न रोगों के इलाज में अलग-अलग आसनों और मुद्राओं की उपयोगिता पर रोशनी डालते हुए स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया।


संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अनुमोदित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पूरे उत्साह के साथ पूरी दुनिया में मनाया जाता है। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में पेश इस भारतीय प्रस्ताव को सर्वाधिक अनुमोदन प्राप्त करने का श्रेय जाता है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन कार्य की कलेक्टर ने की समीक्षा

फतवा समाचार ◈ उमरिया

अनूपपुर 21 जून 2023/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम तथा मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के संदर्भ में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की बैठक लेकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत फार्म क्रमांक 6, 7 एवं 8 की विधिवत कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा ईपी रेसियो व जेण्डर रेसियो के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा डिप्टी कलेक्टर श्री दीपक पाण्डेय ने निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में आयोग द्वारा दिए गए दिशानिदेर्शों की जानकारी दी गई।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष वशिष्ठ ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य तथा मतदान केन्द्रों में बुनियादी सुविधाओं के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट 2 दिवस के अन्दर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर किए गए सर्वे के प्रपत्रों की जानकारी की पोर्टल पर इन्ट्री तथा सत्यापन आदि का कार्य समय पर सुनिश्चित किया जाए।



## पिकअप वैन ने टक्कर के बाद बाइक को 50 मीटर तक घसीटा, दो की मौत



**शहडोल।** खैरहा थाना अंतर्गत सिरौंजा से करकटी मार्ग पर पिकअप और बाइक की भिड़ंत हो गई है। जिसमें घटना स्थल पर ही 2 मजदूरों की मौत हुई है। खैरहा थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि यह घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। बाइक सवार कमलेश सिंह गोंड (45) निवासी अरझुली, बसंता सिंह गोंड (44) निवासी अरझुली की मौके पर मौत हुई है। ये दोनों मजदूर बाइक क्रमांक एमपी 18 एमएच 1561 बुढ़ार मजदूरी के लिए जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही पिकअप क्रमांक एमपी 18 जीए 1412 ने टक्कर मार दी और बाइक सवार दोनों मजदूरों को लगभग 50 मीटर घसीटते हुए खुद पलट गई। थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि अभय शीतल जल की पिकअप पानी भरकर वितरण के लिए बुढ़ार की तरफ जा रही थी। तभी एक अन्य पिकअप वाहन जिसमें मजदूर सवार थे, वह भी बुढ़ार की तरफ जा रही थी। एक पिकअप ने दूसरे पिकअप को ओवरटेक किया इसी दौरान बाइक सवार दोनों मजदूर बीच में फंस गए और पीछे चल रही पिकअप ने टक्कर मार दी। अझुर्ली में रहने वाले दोनों मजदूर मजदूरी के लिए बुढ़ार जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि इनमें से एक मजदूर की पत्नी गर्भवती भी है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. नं 19 जिंसी जहांगीराबाद, भोपाल,मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9 , जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संवादक-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो -9893798715